शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 128 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 03 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## असम में बाढ़ और तूफान के कारण अबतक 15 लोगों की जान गई

**डिब्रूगढ़/एजेंसी**

बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी, पश्चिमी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में अबतक कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए। जहां एक तरफ उत्तर भारत के लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं. वहीं दूसरी तरफ पूर्वोत्तर में बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। असम में बाढ़ की स्थिति में कुछ खास सुधार नहीं हुआ। भारी बारिश के कारण 10 जिलों में छह लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया। नदियों का जलस्तर बढ़ने से प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी, पश्चिमी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में अबतक कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए। अधिकारियों के अनुसार, 28 मई से लेकर अबतक बाढ़ और तूफान के कारण मरने वालों की संख्या 15 हो गई। बता दें कि भारी बारिश के कारण नगांव सबस ज्यादा प्रभावित हुआ है।

राज्य में 40,000 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। नागांव में 2.79 लाख, होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। एनडीआरएफ की टीम स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव कार्य में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में सड़क और रेल संपर्क बाधित हो गया है।

## एसआईटी की टीम अब भवानी रेवन्ना की कर रही तलाश

**बेंगलुरू/एजेंसी**

महिला अपहरण मामले में निलंबित जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश की जा रही है। दरअसल, वह हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं। इसी को देखते हुए कर्नाटक एसआईटी की टीम ने रविवार को भवानी की तलाश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की है।

# अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को दो तिहाई बहुमत

### अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सत्तारूढ़ दलों की वापसी, चुनाव आयोग राज्यपाल को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली/एजेंसी**

उगते सूरज के राज्य यानि अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सूरज प्रचंड रोशनी के साथ खिला है। अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने जा रही है। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने इकतरफा जीत हासिल करते हुए 46 सीटों पर कब्जा किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में भाजपा ने राज्य में बेहद शानदार प्रदर्शन किया। राज्य की बची 14 सीटों में से नेशनल पीपुल्स पार्टी के खाते में 05 सीटें गईं जबकि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 03 सीट जीत पाई, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल प्रदेश (पीपीए) को 02 सीट मिलीं। वहीं 19 सीटों पर चुनाव लड़ी रही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 01 सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। तीन सीट निर्दलीयों के खाते में गई है। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रचंड बहुमत मिला है। राज्य की 60 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी के खाते में पांच सीटें आई हैं। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी ने तीन, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो, कांग्रेस ने एक और निर्दलीयों ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है।



**भाजपा की सीटें और वोट शेयर दोनों बढ़े**

अरुणाचल प्रदेश में 2019 में भाजपा ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उसे 50.86 फीसदी वोट मिले थे। दूसरे स्थान पर सात सीटों के साथ जेडीयू रही थी। 2024 विधानसभा चुनाव में भाजपा को 54.57 फीसदी वोट मिले और पांच सीटों का फायदा हुआ।

**पेमा खांडू समेत 10 प्रत्याशी निर्विरोध जीते**

मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत भाजपा के 10 प्रत्याशियों ने निर्विरोध ही विधानसभा चुनाव जीता है। पेमा खांडू अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दोरजी खांडू के बेटे हैं। पेमा खांडू पहली बार जुलाई 2016 में मुख्यमंत्री बने थे, तब वे कांग्रेस में थे। सीएम बनने के बाद सितंबर में पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ज्वाइन की थी। इसके बाद 2016 के दिसंबर महीने में भाजपा का दामन थाम लिया था।

**अरुणाचल में कांग्रेस को एक सीट, भाजपा के 10 विधायक निर्विरोध जीते थे**

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव का नतीजा आ गया है। सिक्किम में सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 में से 31 सीट जीतकर फिर से सरकार बनाने जा रहा है।

### पेमा खांडू ने सीएम रहते हुए कांग्रेस से की थी बगावत

**ईटानगर**

अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत के साथ जीत हासिल की है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू राज्य में दो बार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अब तीसरी बार मिली जीत के साथ ही खांडू तीसरी बार सत्ता का सिंहासन संभालेंगे।

**मोनपा जनजाति से ताल्लुक रखते हैं पेमा खांडू:** पेमा खांडू का जन्म 21 अगस्त, 1979 को तवांग में हुआ था। चीन की सीमा से सटे तवांग जिले के ग्यांगखर गांव से ताल्लुक रखने वाले पेमा खांडू मोनपा जनजाति से आते हैं। उन्होंने तवांग के बोम्बा में सरकारी माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2000 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कला स्नातक की उपाधि हासिल की।

## सिक्किम: 32 में से 31 सीटों पर जीती एसकेएम




**सिक्किम/एजेंसी**

**सिक्किम में रविवार** को विधानसभा के नतीजे आए। एसकेएम की आंधी में सबका सूपड़ा साफ हो गया। प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर जीत हासिल की। सिक्किम में इस बार विपक्ष विहीन सरकार बनने जा रही है। लेकिन यह पहली बार नहीं है, जब सिक्किम में विपक्ष विहीन सरकार बन रही है। इससे पहले भी 2009 के विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 32 की 32 सीटों पर जीत हासिल की थी और पवन चामलिंग राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। इसी तरह से 2004 के विधानसभा चुनाव में भी एसडीएफ को 31 सीटें और कांग्रेस को केवल एक सीट मिली थी। तब भी विपक्ष में कोई पार्टी नहीं थी।

**सिक्किम: पूर्व सीएम दोनों सीटों से हारे, राष्ट्रीय दलों को नकारा**

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री पेमा खांडू सहित सभी बड़े नेता जीते जबकि सिक्किम में एसडीएफ प्रमुख और पूर्व सीएम पवन चामलिंग दो सीटों से लड़ रहे थे। वे दोनों ही सीटों से हार गए। नामची-सिंघीथांग सीट पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय (एसकेएम) ने पूर्व सीएम को शिकस्त दी। जबकि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित उनके मंत्रिमंडल के सभी साथी जीते। सीएम प्रेम सिंह तमांग ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा था, दोनों पर जीत हासिल की। वहीं राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस खाता भी नहीं खुल पाया। यहां के लोग क्षेत्रीय अस्मिता को प्रमुखता देते हैं। यहां के लोगों को बाहर से ज्यादा अपने

## संदेशखाली में फिर महिलाओं ने खोला पुलिस के खिलाफ मोर्चा

**बशीरहाट/एजेंसी**

चुनाव से पहले, चुनाव के दिन और यहां तक की चुनाव के बाद भी संदेशखाली में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को संदेशखाली की महिलाओं ने एक बार फिर पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और पुलिस पर ज्यादती करने के आरोप लगाए। दरअसल रविवार को केंद्रीय बल और रैफ के जवानों के साथ पुलिस की एक टीम संदेशखाली के आगारहाटी मंडलपाड़ा इलाके में पहुंची और वहां कई घरों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने साधन नंदी नामक एक व्यक्ति को पकड़ा और उन्हें अपने साथ थाने ले जाने लगी। इसी को देख कर इलाके की महिलाएं उग्र हो गईं और पुलिस के सामने विरोध प्रदर्शन करने लगी। आक्रोशित महिलाओं ने साधन नंदी को पुलिस की हिरासत से छुड़ा लिया और पुलिस को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। दरअसल शनिवार को चुनाव के दौरान इलाके में भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष की घटना घटी थी। पुलिस पर भी पथराव की घटना घटी थी। इसी मामले में आरोपितों को पकड़ने के लिए पुलिस घर घर तलाशी अभियान चला रही थी। तभी पुलिस को महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ा।



## मानहानि मामला: राहुल गांधी की फिर बढ़ी मुसीबत

### स्पेशल कोर्ट ने 'हर हाल में' 7 जुलाई को पेश होने का दिया निर्देश

**बेंगलुरु/एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बेंगलुरु की एक अदालत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में 7 जून को 'बिना नागा' व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। विशेष अदालत ने राहुल गांधी को शनिवार को पेश होने से छूट देते हुए यह निर्देश दिया है। अदालत ने कहा, "यह स्पष्ट किया जाता है कि आरोपी नंबर 4 अगली सुनवाई की तारीख पर 'बिना गैरहाजिर' हुए इस अदालत के समक्ष पेश होगा। आरोपी नंबर 4 की उपस्थिति के लिए 7 जून को बुलाया गया है।" सुनवाई के दौरान गांधी के वकील ने इंडी गठबंधन की बैठक में भाग लेने के कारण उनकी उपस्थिति से छूट मांगी। कोर्ट ने उन्हें आज उपस्थिति से छूट दी, लेकिन आदेश दिया कि वे 7 जून को हर हाल में उपस्थित रहें। गौरतलब है कि भाजपा नेता केशव प्रसाद ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया था, जिसमें 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी के विज्ञापनों और प्रचार नारों पर आपत्ति जताई गई थी। विज्ञापनों में कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया था कि भाजपा (उस समय राज्य में सत्ता में थी) सार्वजनिक कार्यों के निष्पादन के लिए ठेकेदारों और अन्य लोगों से 40 प्रतिशत तक कमीशन/रिश्वत ले रही थी। भाजपा ने अपनी शिकायत में कांग्रेस नेताओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित अपनी पार्टी के सदस्यों को निशाना बनाकर झूठे विज्ञापन फैलाने का आरोप लगाया है। पहले , 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को 5,000 रुपये के जमानत बांड जमा करने की शर्त पर मामले में जमानत दे दी थी।



## अगली बार जब चुनाव की बात हो, तो फर्जी पत्रकारों पर अपना कीमती समय खर्च न करें: पीके

**नई दिल्ली/एजेंसी**

**राजनीतिक विशेषज्ञ प्रशांत** किशोर ने एग्जिट पोल के जारी होने के बाद फर्जी पत्रकारों और बड़बोले राजनेताओं पर कटाक्ष किया। उन्होंने लोगों से बेकार की चर्चाओं में अपना समय नष्ट न करने की अपील की। जारी एग्जिट पोल में भविष्यवाणी की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री के तौर पर सत्ता संभालेंगे। इस आम चुनाव में भाजपा नीत एनडीए के भारी बहुमत से जीत हासिल करने की उम्मीद जताई जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा, "अगली बार जब चुनाव और राजनीति की बात हो, तो फर्जी पत्रकारों और बड़बोले राजनेताओं पर अपना कीमती समय खर्च न करें।" जन सुरज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने दावा किया कि भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में 303 सीटें जीत सकती है। एग्जिट पोल के जारी होने से पहले प्रशांत किशोर ने भाजपा नीत एनडीए के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, "मेरे हिसाब से भाजपा इसबार कुछ अच्छे नंबरों के साथ वापसी कर सकती है। मुझे सीटों की संख्या में कुछ खास बदलाव नहीं दिख रहा। पार्टी को पूर्व और दक्षिण क्षेत्रों में अच्छा समर्थन मिला।" उन्होंने बताया कि दक्षिण में भाजपा के सीटों और वोट शेयर में बढ़ोतरी होने की संभावना है। भाजपा ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास और बढ़ा दिए हैं। कई एग्जिट पोल में यह दावा किया गया कि भाजपा तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलेगी और कर्नाटक में एकतरफा जीत हासिल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा को थोड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि, उत्तर प्रदेश में भाजपा की स्थिति में कोई बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

बता दें कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दिया था।



## आज से केवल तेलंगाना की राजधानी है हैदराबाद

### आधिकारिक तौर पर आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं

**हैदराबाद/एजेंसी**

2 जून से हैदराबाद अब दो राज्यों की राजधानी नहीं रह गई है। तेलंगाना राज्य की स्थापना के बाद से ही हैदराबाद तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की 10 सालों तक राजधानी रहा है। विभाजन के 10 साल बीत जाने के बाद भी दोनों राज्यों में कई मद्दों पर अभी भी विवाद है और उनका समाधान नहीं निकल पाया है। देश के सबसे व्यस्त शहरों में से एक हैदराबाद आज से दो प्रदेशों की राजधानी नहीं रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के मुताबिक रविवार से हैदराबाद अब केवल तेलंगाना की राजधानी है, जो कि अब तक आंध्र प्रदेश की भी हुआ करता था।



2 जून 2014 में जब आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद तेलंगाना राज्य बना था, तभी से हैदराबाद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों ही प्रदेशों की लगभग 10 सालों तक राजधाना बना रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन के मुताबिक हैदराबाद 10 साल से ज्यादा समय के लिए दोनों राज्य की राजधानी नहीं रह सकता है। उपधारा (1) में दी गई समय अवधि के बाद हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी है, जबकि आंध्र प्रदेश के लिए नई राजधानी बनाई जाएगी। फरवरी 2014 में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक संसद में बना था: आंध्र प्रदेश में लंबे समय से तेलंगाना राज्य की मांग हो रही थी।

## वैष्णो देवी धाम कटरा में तंबाकू सेवन पर बैन

**जम्मू/एजेंसी**

**जम्मू प्रशासन** ने माता वैष्णो देवी धाम कटरा शहर में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री और उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। तंबाकू निषेध दिवस पर शूरू की गई पहल: रियासी के जिला मजिस्ट्रेट विशेष महाजन ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य उस धार्मिक स्थान की पवित्रता बनाए रखना है जहां हर साल लाखों तीर्थयात्री आते हैं। प्रशासन ने पहले ही कटरा और आसपास के इलाकों में मांस और शराब की बिक्री, रखने और सेवन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। महाजन ने बताया, 'धारा 144 के तहत शनिवार को हमने नुमाई और पंथाल चेक पोस्ट से लेकर तारा कोर्ट ट्रैक होते हुए भवन तक के क्षेत्र में सिगरेट, गुटखा और अन्य प्रकार के तंबाकू के भंडारण, बिक्री और उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## यह एग्जिट पोल नहीं, बल्कि मोदी पोल है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली/एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने का अनुमान है। एग्जिट पोल के आंकड़ों को इंडिया ब्लॉक के नेता ने मानने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस ने एग्जिट पोल के नतीजों को एक मनोवैज्ञानिक खेल बताया। इन्हीं सब को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने आज एक बैठक की। बैठक के तुरंत बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने इस दौरान सिद्धू मूसेवाला के एक गाने की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि यह मोदी मीडिया पोल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक की।



**ये एग्जिट पोल झूठे**

बैठक में कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'ये एग्जिट पोल झूठे हैं। इंडिया गठबंधन को 295 सीटों से कम सीटें नहीं मिलने जा रही हैं। ये एग्जिट पोल फर्जी हैं क्योंकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मनोवैज्ञानिक खेल खेल रहे हैं। वे विपक्षी दलों, चुनाव आयोग, मतगणना एजेंटों, रिटर्निंग अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा माहौल बना रहे हैं कि वे वापस आ रहे हैं लेकिन वास्तविकता पूरी तरह से अलग है।'

**यह मोदी मीडिया पोल**

राहुल गांधी ने पत्रकारों से कहा, 'यह एग्जिट पोल नहीं है। यह मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है। उनका फैंटेसी पोल है।' इंडिया अलायंस के लिए सीटों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, 'क्या आपने सिद्धू मूसे वाला का गाना 295 सुना है 295।'

**कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में दो तिहाई सीटें जीतेगी**

एग्जिट पोल पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा, 'हमें विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में दो तिहाई सीटें जीतेगी। इस देश के लोग बदलाव चाहते हैं। सभी कार्यकर्ता आश्वस्त हैं और मुझे नहीं लगता कि हम कर्नाटक में हारने जा रहे हैं।' लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल पर गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, 'पहले भाजपा कहती थी कि हम सभी 26 सीटें पांच लाख वोटों के अंतर से जीतेंगे, लेकिन अब वो ऐसा नहीं कह रहे हैं। 12 सीटों पर हम भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं और कांग्रेस 4-5 सीटें जीतेगी।'

**सर्वेक्षणों में कांग्रेस पार्टी को सात से नौ सीटें:** पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा, 'सभी सर्वेक्षणों में कांग्रेस पार्टी को सात से नौ सीटें दी गई हैं। हम नौ सीटों पर आगे हैं, एक सीट आप के खाते में जाएगी और तीन सीटें ऐसे उम्मीदवारों को मिलेंगी जो किसी भी तरह से एनडीए या पीएम मोदी की मदद नहीं करेंगे। मेरा मानना है कि इंडिया गठबंधन को कम से कम 10 सीटें मिलेंगी...।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कैंसर जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** प्रयागराज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर अनिकेत स्माइल फाउंडेशन, सामाजिक विकास सेवा समिति प्रयागराज एवं संस्कृत विभाग प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय,प्रयागराज,उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्त्वाधान में कैंसर जन जागरुकता कार्यक्रम का सफल आयोजन शुक्रवार को प्रो.राजेन्द्र सिंह(रज्जू भैय्या)विश्वविद्याल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का प्रारम्भ सम्मानित अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायाध्यक्षों के द्वारा दीप प्रज्जवलन व सरस्वती प्रतिमा एवं रज्जू भैय्या के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ।इसी समय संस्कृत विभाग के शोध छात्र अनन्त जी मिश्र के द्वारा वैदिक मंगलाचरण किया गया।इसके अनन्तर संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया गया। तत्पश्चात अनिकेत स्माइल फाउण्डेशन संस्थापक / निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी जी के द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने इस फाउण्डेशन का स्थापना किया।विशिष्ट वक्तव्य के रूप में उपस्थित डॉ. देव कुमार यादव कैंसर रोग विशेषज्ञ स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज ने कहा कि कैंसर से संबंधित तंबाकू से होने वाले मृत्यु में भारत द्वितीय स्थान पर है।उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू का कैंसर रोग में बहुत योगदान है इन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि सभी प्रकार के नशीली पदार्थों के सेवन को त्याग करके मोटापा को कम कर के नियमित दिनचर्या से हम कैंसर जैसे रोग से बच सकते हैं।

इसके पश्चात डॉ. मनीषा टंडन कैंसर रोग विशेषज्ञ ने अपने विशिष्ट वक्तव्य में यह कहा कि नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर जाने से भी कैंसर जैसे असाध्य रोगों से बचा जा सकता है,अभिभावक वर्ग को चाहिए कि वह अपने बच्चों के साथ ओपन कम्युनिकेशन का माध्यम अपनायें।

कार्यक्रम में आगे बढ़ते हुए कैंसर सर्वाइवर प्रो. बृजेंद्र सिंह प्राचार्य महात्मा गांधी पी.जी. महाविद्यालय फतेहपुर ने बताया की कैसे उन्होंने कैंसर जैसे असाध्य रोग से मुक्ति पाई।उन्होंने बताया कि पहले वह भी तंबाकू का सेवन करते थे किंतु कैंसर होने के पश्चात उन्होंने तंबाकू का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ चिकित्सकों की देखभाल में नियमित दिनचर्या और नियमित दवा आदि के माध्यम से उन्होंने इस कैंसर जैसे असाध्य रोग से लड़ कर अपने जीवन में सकुशल लौट आए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में आए हुई महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी किन्नर अखाड़ा टीना मां ने कहा कि सरकार के साथ हमारी भी भागीदारी है अपने समाज को,अपने राष्ट्र को, अपने परिवार को तंबाकू से मुक्त करें और कैंसर जैसे भयावह रोग से मुक्त हो। प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) के समाज शास्त्र विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉ.मनोज कुमार यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि कुछ कठोर कदम उठाए जिससे युवा वर्ग नशे से मुक्त हो सकें। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र मिश्र, संरक्षक अनिकेत स्माइल फाउंडेशन प्रयागराज एवं प्रबंधक मोती लाल नेहरू पी जी कॉलेज कौंधियारा प्रयागराज ने अपने विचार व्यक्त किया।रज्जू भैय्या विश्वविद्यालय,संस्कृत विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉ.पीयूष मिश्र ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।संस्कृत विभाग की अतिथि प्रवक्ता डॉ. प्रिया झा ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## छठवें दिन भी नहीं टपका नल से पानी

# ग्रामीण पेयजल योजना में अधिकारियों की मनमानी से जलापूर्ति बाधित, पेयजल के लिए मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छ पेयजल योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव में नल लगाए गए हैं जिसमें पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित हो रही है जिसके कारण पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बता दें कि कुछ महीने पूर्व प्रत्येक गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छ पेयजल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाकर पेयजल के लिए नल लगाए गए हैं इसमें ग्राम पंचायत गंधियांव स्थित दलित बस्ती के पास कई घरों में नल लगा हुआ है जिसमें पिछले तीन दिन से पानी नहीं आ रहा है इसके कारण जलापूर्ति बाधित है कई जगहों पर हैंडपंपों की मरम्मत के लिए भी कई बार गुहार लगाई गई किंतु किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। ऐसी स्थिति में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बताते हैं कि स्थानीय ग्राम पुरैनी निवासी एक व्यक्ति को पेयजल आपूर्ति के लिए जिम्मेदारी दी गई है किंतु वह आसपास के गांव में समय पर जल आपूर्ति नहीं करता है और जानबूझकर पिछले छ दिनों से पेयजल की आपूर्ति नहीं करने के कारण ग्रामीण परेशान हैं। अवध नारायण उपाध्याय के घर तक गंधियांव दलित बस्ती के पास बनाये गए टेल तक जल आपूर्ति नहीं हो रही है। बता दें कि इस भीषण गर्मी में बिजली भी कोढ़ में खाज बनी हुई है और पानी न आने के कारण लोग व्याकुल हैं। दूर-दूर से पानी लाकर लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने तत्काल इस और ध्यान आकर्षण की मांग की है।




## हाईकोर्ट समाचार

### आगरा राधा स्वामी सत्संग सभा के पदाधिकारियों को राहत

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद की एफआईआर**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राधास्वामी सत्संग सभा के पदाधिकारियों को राहत दी है। उनके खिलाफ आगरा जिला प्रशासन की ओर से दर्ज ऋक्र को रद कर दिया है। यह फैसला जस्टिस सिद्धार्थ और जस्टिस सैयद कमर हसन रिजवी की पीठ ने दिया। याचिकाकताओं ने भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए ध्वस्तीकरण अभियान से पहले सभा के सदस्यों के विरुद्ध दर्ज की गई ऋक्र को चुनौती दी थी। कहा गया कि एफआईआर में प्रतिवादी अधिकारियों ने यह तथ्य छिपाया है कि विवादित संपत्ति पर मालिकाना हक के संबंध में कुछ रिट याचिकाएं हाईकोर्ट में लंबित हैं। और ऐसी कुछ याचिकाओं में यथास्थिति का आदेश पहले ही पारित किया जा चुका है। याचिका में दलील दी गई है कि राधास्वामी सत्संग सभा अपने अधिकारों के लिए गंभीरता से मुकदमा चला रही है। जबकि जिला प्रशासन और राजस्व अधिकारियों ने प्रतिशोध को खत्म करने और सभा और पदाधिकारियों पर दबाव बनाने को झूठी आपराधिक कार्यवाही शुरू की है। कहा गया है कि सभा की भूमि पर प्रतिवादी अधिकारियों द्वारा अवैध तोड़फोड़ के खिलाफ सभा द्वारा की गई कार्रवाई का बदला लेने के लिए ही पदाधिकारियों के खिलाफ और एफआईआर दर्ज की गई हैं। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत आरोपों के संबंध में, जो पशु क्रूरता के लिए दंड का प्रावधान करता है। यह तर्क दिया गया कि सभा की संपत्ति के किसी भी हिस्से पर कोई अवैध कार्रवाई नहीं की जा रही थी। कहा गया कि एफआईआर दर्ज करते समय प्रतिवादी अधिकारियों ने यह मान लिया था कि सभा की भूमि पर उनका मालिकाना हक है। हाईकोर्ट के पूर्व पारित आदेश पर भरोसा करते हुए खंडपीठ ने कहा- प्रतिवादियों ने तब प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है जब पक्षों के बीच विवाद दीवानी प्रकृति का था। कोर्ट ने इस आधार पर पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज ऋक्र को रद कर दिया गया। कोर्ट ने अंत में कहा कि यदि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 26 के तहत कार्यवाही प्रतिवादियों के पक्ष में तय होती है, तो वे याचिका कताओं के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए स्वतंत्र हो सकते हैं।



# सोभऊ का पूरा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** रविवार को विकासखंड कौंधियारा के अंतर्गत ग्रामपंचायत जेठूपुर के मजरा सोभऊ का पूरा में भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करने के पूर्व कथावाचक उपेंद्र जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।कलश यात्रा में मुख्य यजमान श्रीमती जनक दुलारी पत्नी स्मृतिशेष राजकिशोर मिश्र,धर्मराज मिश्र सहित अनेक पुरूष एवं महिलाएं शामिल हुई।

# शिकायत के बाद भी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की नहीं हुई मरम्मत

**अखंड भारत संदेश**

**लखनपुर जलनिगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते भीषण गर्मी में लोग पेयजल के लिए हो रहे हैं परेशान हजारों लीटर पानी प्रतिदिन हो रहा है बर्बाद**



**मेजा।** विगत डेढ़ वर्ष से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन शिकायत के बावजूद भी मरम्मत न होने से इस भीषण गर्मी में लोगों को जीवन देने वाला हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद होने का मामला प्रकाश में आया है। उल्लेखनीय है कि जगेपुर से लोटाड़ जाने वाली सड़क पर पाइप लाइन फटने से जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे आए दिन लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं । इस भीषण गर्मी में पानी के लाले पड़े ग्रामीणों को काफी मशक्कत के बाद जहां पानी नसीब हो रहा है वहीं विसहिजन खुर्द में विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते बीते कई महीनों से फटी पाइप में की मरम्मत न होने से लोगों के पीने का पानी की बबार्दी हो रही है और जलऊपभोक्ताओ को सुचारू रूप से पानी भी नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह जगेपुर गांव में पाइप लाइन ध्वस्त होने से पानी सप्लाई अवरुद्ध है।जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस संबंध मै गांव के पुष्पेन्द्र सिंह ,अजय सिंह, नीरज पांडेय का कहना है कि विभाग की लापरवाही से ग्रामीण पेयजल की परेशानी झेल रहे हैं। पाइप लाइन टूटने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से इसे जल्द ठीक कराने की मांग की है।

# आंशिक रूप से की जाएगी बिजली बाधित, बदली जा रही है 33 केवीए की लाइन ब्रेकडाउन की समस्या होगी दूर

**कौंधियारा।** क्षेत्र के विद्युत केंद्र कौंधियारा के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र की विद्युत सप्लाई चार जून से सुबह नव बजे से शाम चार बजे तक लगभग एक सप्ताह बाधित रहेगी । उपखंड अधिकारी संजय यादव अवर अभियंता अभय कुमार यादव ने बताया कि विद्युत उपकेंन्द्र कौधियारा की 33 '5 लाइन के जर्जर एवं झुके हुए टेढ़े मेढ़े पोल जर्जर तार होने के कारण पिछले वर्षों में अत्यधिक ब्रेकडाउन हो रही थी। और दुर्घटना की संभावना लगातार बनी हुई है। जिसे ठीक करने हेतु विभाग द्वारा रीवाम्पड योजना के अन्तर्गत मेसर्स जैकसन कम्पनी द्वारा लंबे स्पान के बीच में पोल लगना, जर्जर पोल व तार बदलने, लाइन के मरम्मतीकरण का कार्य कराया जाना है जिसके कारण सप्लाई बंद रहेगी । जिससे कि भविष्य में जनता को सुचार रूप से निर्वाध विद्युत सप्लाई मिल सके और किसी भी प्रकार के कोई विद्युत दुर्घटना की संभावना न रह जाए। सर्वसाधारण और जनमानस से अपील है कि आप लोग धैर्य रखें और सहयोग करें।

# उलहना देने पर जाति सूचक गालियां दी न्यायालय के आदेश पर एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** थाने में न सुनवाई होने पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने डॉक्टर व उनका लड़का के वियूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा ।मऊआइमा थाना क्षेत्र के सकरामऊ गांव निवासी राम धन अपनी पत्नी का उपचार गदियानी स्थित एक क्लीनिक में करवाया था। आरोप है कि तीन माह तक इलाज करवाने के बाद उनकी पत्नी की हालात गंभीर हो गई। तो परिजनों द्वारा सदर के अस्पताल में उपचार के हेतु भर्ती कराया गया। वही पीड़ित परिजन डॉक्टर के पास उलाहना देने गए तो डॉक्टर ने जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा तथा विरोध करने पर मारे पीटे। पीड़ित ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी।कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित डॉक्टर हीरा लाल व उनका पुत्र अनूप के खिलाफ विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# झाड़ू लगाने पर महिला को पीटा

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के चक महीन गांव में एक महिला अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। पड़ोसी ने मना किया न मानने पर महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की। पीड़िता सीमा यादव पत्नी चंद्रभूषण यादव ने बताया कि वह रविवार की सुबह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। तभी पड़ोसी दो भाई आये और झाड़ू लगाने से मना किया। महिला ने कहा कि हम अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रहे है। इसपर दोनों भाइयों ने महिला की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आये महिला के दिव्यांग ससुर से भी बदसलूकी की की गई।

# अतिरिक्त दहेज मांग न पूरी होने पर विवाहिता को मार पीट कर भगा दिये, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर सारा जेवर छीनकर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बोडीपुर धरौता निवासनीय फूल-पत्ती देवी पुत्री राजनाथ का आरोप है कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व होलागढ़ के चांटी शिवलाल का पुरवा निवासी सुनील कुमार के साथ हुई थी ?। आरोप है कि शादी के बाद से अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर उसे मारा पीटा गया और सारा जेवरात छीन लिया गया।फूल पत्ती देवी ने मऊआइमा थाने में पति सुनील कुमार,ससुर राम खेलावन,सास मोना देवी,ननद कंचन देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# रजत जयंती के अवसर पर रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय

**22 जून विश्राम यात्रा के साथ शुभारंभ होगी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव**



**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट की बैठक आर्य भवन जीरो रोड पर आयोजित किया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष ट्रस्ट अपने 25 वें वर्षगांठ के अवसर पर बड़े ही धूमधाम के साथ 23 दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है जो 22 जून से विश्राम यात्रा के साथ आरंभ होगा और 14 जुलाई भगवान जगन्नाथ जी की महाप्रसाद के आयोजन तक चलेगा इस अवसर रथ यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद एवं सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि इस वर्ष रथ यात्रा में विशेष आकर्षण होंगे और श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जयराम गुप्ता, दाऊ दयाल गुप्ता,अमर रस्तोगी , बसंत लाल आजाद राजेश केसरवानी,त्रिलोकी केसरवानी, हैप्पी कसेरा, प्रबोध मानस, पूनम गुप्ता, सीमा श्रीवास्तव ,संजय गुप्ता,महेश सोनी, प्रीति रावत, कलावती,लता उपाध्याय, आदि ट्रस्ट के अधिकारियों कार्यकर्ता गणपति रहे।

# शंकरगढ़ थाना प्रभारी ने कार लुटेरों को पहुँचाया सलाखों के पीछे

**शंकरगढ़।** थाना क्षेत्र के नारीबारी खीरी रोड से कार की लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के नारीबारी पुलिस चौकी अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पिछले 8 मार्च को रात लगभग साढ़े नौ बजे महेंद्र पाल पुत्र रमाशंकर पाल निवासी नगरा थाना महराजपुर जिला कानपुर अपने साथी अजीत कुमार के साथ चारपहिया वाहन एक्सयूवी से शहडोल मध्य प्रदेश जा रहे थे कि अचानक सफेद रंग की बोलेरो ने ओवरटेक करके एक्सयूवी सवार लोगों को रोका। मना करने पर गाड़ी का शीशा तोड़ दिए और असलहा दिखाकर जबरदस्ती बलपूर्वक दोनो लोगों को हाथ पैर बांधकर अपनी गाड़ी में बैठा लिए और कुछ दूर ले जाकर सुनसान जगह पर फेंककर एक्सयूवी कार को लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर 10 मार्च 2024 को अज्ञात अभियुक्तो के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया गया। तभी से पुलिस को लुटेरों की तलाश थी। विवेचना के दौरान आरोपित रोहित यादव पुत्र राम बिहारी यादव निवासी अमकछा थाना मेजा व विकास पाल पुत्र दिनेश पाल निवासी रतौरा मोड थाना कोराव का नाम प्रकाश में आया। जिनकी पुलिस को तलाश थी। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश, वरिष्ठ उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व उपनिरीक्षक लोकेंद्र सिंह ने थाना क्षेत्र के खीरी रोड पर पहुंचकर वांछित चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कार्यवाही की।

# शिवराजपुर से प्रतापपुर मार्ग पर अनियमितताओं के बीच बनाई जा रही पुलिया पर चली जेसीबी

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ क्षेत्र के शिवराजपुर से प्रतापपुर मार्ग पर बन रही पुलिया में ठीकेदार द्वारा टिपकारी करके उसमें लाखों का गबन किया जा रहा था। जिसकी खबर युनाइटेड भारत समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने उसे जेसीबी चलवाकर ध्वस्त करवाया। सहायक अभियंता उदयशंकर पांडेय व अवर अभियंता सुधीर पांडेय ने शिवराजपुर से प्रतापपुर के बीच बन रही पुलिया में बरती जा रही अनियमितता की खबर युनाइटेड भारत समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर खबर को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों को भेजकर अनियमितताओं के बीच बन रही पुलिया को जेसीबी से ध्वस्त करवाया और ठीकेदार को नए सिरे से पुनः पुलिया का निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों ने कहा कि कार्य मे अनियमितता बरतने वाले ठेकेदार को सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी पाई जाती है तो कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शिवराजपुर से प्रतापपुर मार्ग पर दर्जनों पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है।

# लोक संस्कृति विकास संस्थान ने नामित किए अपने ब्रांड एंबेसडर



**प्रयागराज।** लोक संस्कृति विकास संस्थान द्वारा लोक कलाओं को विकसित एवं विस्तृत करने और लोकप्रिय बनाने के प्रयास अंतर्गत चार एंबेसडरर₹ बनाए गए। लोक संस्कृति विकास संस्थान प्रयागराज के प्रथम ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी सांस्कृतिक विरासत के बारे में लोगों की चेतना उन्नत और समृद्ध करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कथक नृत्यांगना हिमानी रावत तो वहीं लोक एवं जनजातीय कलाओं को प्रोत्साहित करने, लोकगीतों व विभिन्न संस्कृतियों और कलाओं को विकसित एवं विस्तृत करने और लोकप्रिय बनाने के लिए रीवा मध्य प्रदेश की अजिता द्विवेदी और लोकगीतों, भजनों सहित विभिन्न कलाओं की समृद्धि विविधता और विशिष्टता को विकसित करने एवं बढ़ावा देने के लिए प्रयागराज की शुभा मालवीय और राज रसिया को संस्थान ने अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है। शनिवार की शाम करमा कॉलेज के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में निदेशक लोक संस्कृति विकास संस्थान शरद कुमार मिश्र की उपस्थिति में माननीय न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट शेखर कुमार यादव एवं मानवाधिकार एसोसिएशन के चेयरमैन सुरेश तोमर के कर कमलों से सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शरद कुमार मिश्र ने कहा कि सभी नवनियुक्त होनहार युवाओं के प्रासंगिक कौशल,अनुभवों और उपलब्धियों को मानक मानकर संस्थान का ब्रांड एंबेसडरर₹ नामांकित किया गया है आशा है कि सभी लोग अपनी माटी, परिपाटी, सभ्यता, संस्कृति और संस्कार के लिए बेहतर कार्य करेंगे। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। मंच का संचालन इलाहाबाद पर्यटन समिति के अध्यक्ष हसन नकवी ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर एम.आई. खान, अमित श्रीवास्तव, एहतेशाम खान, मनीषा ठाकुर, चंद्र कांत मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### रोयाल कालिका रेस्टोरेंट का उद्घाटन समाज सेवी सुधीर शर्मा के द्वारा किया गया



**प्रयागराज।** रविवार को सिविल लाइंस में रोयाल कालिका रेस्टोरेंट का उद्घाटन समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरवल बिहार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुक्तेश्वर सिंह मंटू भाई, विनय सिंह, मोनू सिंह, मनीष राय, सुनील राय, नवीन राय, संतोष सिंह, बीकू राय, संतोष तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित बाइक सवार ने चुरमुरा विक्रेता को मारी टक्कर, घायल



**नैनी।** नैनी सब्जी मंडी चौराहे पर शनिवार देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर चुरमुरा विक्रेता को टक्कर मारते हुए सड़क पर गिरकर घायल हो गया। वहीं चुरमुरा विक्रेता गम्भीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार काजीपुर निवासी प्रदीप साहू सब्जी मंडी के समीप सड़क के किनारे ठेला लगाकर चुरमुरा बेच रहा था। उसी बीच एक बाइक सवार ने प्रदीप को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

### भीषण गर्मी से फटा इंवाईटर का बैटरा बाल बाल बचे परिजन



**मऊआइमा।** भीषण गर्मी से लोग जहां बेहाल हैं वहीं अब बिजली के उपकरण के जलने एवं बैटरा फटने की सूचना मिलने लगी है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम मानी उमरपुर मटियारी निवासी मोईन उद्दीन का इन्वाटर का बैटरा फट गया।बैटरा फटने की आवाज से आस पास लोग भाग कर मोईनुद्दीन के घर पर आए। गनीमत रहा कि कोई जख्मी नहीं हुआ।केवल बैटरा ही फटा। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

# मतगणना में 2 हजार जवानों की तैनाती चुस्त दुरुस्त रहेगी सुरक्षा घेरा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चार जून को मतगणना त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में कराई जाएगी। इस त्रिस्तरीय घेरे में पुलिस के साथ पीएसी व पैरामिलिट्री के जवान भी शामिल होंगे। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए 2000 जवान तैनात किए जाएंगे। साथ ही 100 मीटर के दायरे में जुलूस-जश्न पर पाबंदी भी लगाई जाएगी। मतगणना के दौरान मुंडेरा मंडी परिसर व आसपास का एरिया छावनी में तब्दील किया जाएगा। पुलिस विभाग ने सुरक्षा संबंधी प्लान फाइनल कर लिया है।इसके तहत मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा। इसमें सुरक्षा की दृष्टि से तीन कार्डन बनाया जाएगा। इन्हें आइसोलेशन कार्डन, इनर कार्डन व आउटर कार्डन का नाम दिया जाएगा। आइसोलेशन कार्डन में एसएसबी के जवान तैनात होंगे। यह कार्डन स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर मतगणना टेबलों तक सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। इसका काम स्ट्रॉन्ग रूम से ईवीएम निकलने से लेकर मतगणना टेबलों तक सकुशल पहुंचाया जाना व मतगणना टेबलों तक अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रोकना होगा। इसके बाद इनर कार्डन होगा,जिसमें पीएसी के जवानों को तैनात किया जाएगा। इन जवानों को मतगणना टेबलों से अलग सेक्टर वाइज तैनात किया जाएगा। आउटर कार्डन में पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। यह कार्डन मतगणना स्थल के इंट्री गेटों पर लगाया जाएगा। इसमें राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही अराजपत्रित पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।



## मतगणना के दिन रोडवेज की बसें बाईपास होकर जाएगी

**प्रयागराज।** मतगणना के दिन चार जून को मुंडेरा मंडी वाली सड़क (कानपुर रोड) पर गाड़ियों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने सुबह पांच बजे से मतगणना पूरी होने तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। यातायात पुलिस ने बताया कि चार जून की सुबह पांच बजे से मतगणना समाप्ति तक कानपुर रोड पर भारी वाहनों और चार पहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। कौशाम्बी, फतेहपुर और कानपुर की ओर जाने व शहर की तरफ आने वाली रोडवेज बस व इलेक्ट्रिक बसें वाया फाफामऊ होकरनवाबगंज बाईपास से होकर जाएंगी। कानपुर की तरफ जाने वाले हल्के वाहन महिला ग्राम तिराहे से करबला फ्लाईओवर से राजरूपपुर, झलवा, सिविल एयरपोर्ट होते हुए पूरामुफ्ती होकर जाएंगे।

## त्रिवेणी नगर में पाइप लाइन टूटी, दो दिन से नहीं मिल रहा पानी

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के त्रिवेणी नगर इलाके में सड़क चौड़ीकारण के दौरान पेयजल पाइप लाइन टूट गई। इससे कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति पिछले दो दिन से ठप है। यह दूसरी बार है, जब चौड़ीकरण के दौरान स्थानीय लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

उत्तर प्रदेश व्यापारी एकता समिति प्रदेश के अध्यक्ष विजय गुप्ता का आरोप है कि मुक्ता विहार पार्क के पास चौड़ीकारण के दौरान टूटी पाइप लाइन को बनवाने के लिए विभाग के जेई से बात की गई पर उन्होंने कहा जिसने तोड़ा है वही बनवाएगा। विजय गुप्ता, रमेश कुरील, अजय गुप्ता, दिनेश मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, गीता देवीज शकुंतला देवी, कमलेश तिवारी, दिनेशश्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि लगभग 10 हजार लोग पानी के लिए भटक रहे हैं।जबकि अधिकारी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं।

# यूट्यूबर ने वीडियो वायरल कर दी आत्मदाह की चेतावनी, पुलिस ने उठाया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पुलिस प्रशासन और एक पत्रकार पर कथित तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए यूट्यूबर राजुल ने एक वीडियो वायरल कर आत्मदाह की चेतावनी दी थी। उसने रविवार को सायं पांच बजे धरना स्थल पत्थर गिरजाघर पर आत्मदाह की चेतावनी दी थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने यू ट्यूबर को दोपहर में ही उठा लिया। उसे सिविल लाइंस थाने लाया गया है।यू ट्यूबर राजुल ने एक वीडियो वायरल कर पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ित करने और फर्जी एफआईआर करने का आरोप लगाया। कहा कि इसमें एक कथित पत्रकार की भी मिलीभगत है। परेशान करने की नीयत से उसके खिलाफ एफआईआर कराई गई है जिसमें कोई सत्यता नहीं है। उसने जब थाने में तहरीर दी तो उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। उसने आईजीआरएस पर भी शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रताड़ना से तंग आकर वह आत्महत्या कर लेगा। हालांकि पुलिस शाम तक राजुल को विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया।

# नकाबपोश बदमाशों ने दवा कारोबारी के ऊपर चलाई गोली, फायर मिस


अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एक दवा कारोबारी पर फायर करने का मामला सामने आया है। हालांकि दो बार प्रयास के बाद भी तमंचे से गोली नहीं चली। मिस फायर हो जाने पर बदमाश को भागना पड़ा। दवा कारोबारी की जान बच गई। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में बदमाश के फायर करते तस्वीर कैद हुई है। पुलिस इसी आधार पर जांच कर रही है।फाफामऊ बाजार में दवा कारोबारी संजय जायसवाल अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी एक बाइक पर दो बदमाश आए। एक बदमाश बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि चेहरा ढके दूसरा बदमाश उतरकर दुकान तक पहुंचा। दुकान पर एक कस्टमर पहले से मौजूद था। बदमाश कुछ सेकेंड खड़ा रहा, फिर संजय को निशाना बनाते हुए फायर किया। संयोगवश फायर नहीं हुआ तो दूसरी गोली मारी लेकिन इस बार मिस फायर हो गया।

**मिस फायर पर भागा बदमाश :**

गोली न चलने बदमाश दहशत में आ गया और तेजी भागकर सड़क पर पहुंचा। वहां पहले से तैयार साथी की बाइक पर बैठकर भाग निकला। यह देखकर आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। कारोबारी ने मामले की तहरीर पर फाफामऊ पुलिस को दी। पुलिस तहरीर लेकर जांच कर रही है। शनिवार शनिवार शाम का बताया जा रहा है।

घटना सीसीटीवी में हुई कैद



## शिक्षिका ने साथी शिक्षक पर लगाया छेड़खानी का आरोप, एसिड अटैक की धमकी, एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** भारत स्काउट गाइड कॉलेज की शिक्षिका ने साथी शिक्षक उपेंद्र कुमार सिंह पर छेड़खानी और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। थाने में दिए तहरीर में शिक्षिका ने कहा कि शिक्षक उसके विद्यालय में ही सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के रूप में तैनात है और अक्सर उससे अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करता है। कई बार चेतावनी के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ज्यादा विरोध करने पर वह मारपीट करने और चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# महापौर ने मरीजों के लिए दिए 20 कूलर

## एसआरएन अस्पताल में बड़ी संख्या में इलाज के लिए आते हैं मरीज



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी ने आज रविवार को स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल के जनरल वार्ड में गरीबों के इलाज में सुविधा के लिए 20 कूलर मुहैया कराया। दरअसल, इस अस्पताल में दूर-दूर तक के मरीज इलाज के लिए आते हैं। इस भीषण गर्मी में उन्हें गर्मी से राहत मिले इस उद्देश्य से महापौर ने कूलर उपलब्ध कराया है। डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा कि स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल के डॉक्टरों का जीवन गरीबों की सेवा के लिए समर्पित है।कहा कि डॉक्टर दिन-रात लगकर मरीजों का इलाज करते हैं लेकिन समाज के अंदर आज भी इलाज को लेकर दोयम दर्जे की धारणा बनी हुई है उन्हें लगता है कि आज भी सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं होता जिसके कारण आम लोग प्रथम दृष्टया इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में जाते हैं और अपनी गाढ़ी कमाई प्राइवेट अस्पतालों के इलाज में खर्च कर देते हैं। जब उनके पास पैसा खत्म हो जाता है तो सरकारी अस्पताल में आते हैं तब तक मरीज की हालत बहुत खराब हो जाती है अगर पहले से लोग स्वरूप रानी हॉस्पिटल में आ जाएं तो आम लोगों का पैसा भी बचता है और मरीज की जिंदगी भी बच जाती है।

### सपा और कांग्रेस ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर नहीं दिया ध्यान

महापौर ने कहा कि सपा एवं कांग्रेस की सरकारों के कारण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लचर व्यवस्था की धारणा आज भी समाज के अंदर बनी है जिसे हमें समाप्त करना है, ताकि लोगों का इलाज आसानी से हो सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के इलाज के लिए 5 लाख का आयुष्मान योजना के तहत गरीबों के इलाज के लिए दे रही है और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कोई गरीब बेइलाज न रह जाए इसके लिए एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज बनाकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मेडिकल क्रांति ला रही है। इस मौके पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा, प्रमुख अधीक्षक डॉ. एके सक्सेना, उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी, डॉ. मोहित जैन के अलावा रामजी केसरवानी, विपुल मित्तल, आकाश सोनकर, रितेश मिश्रा, मुकेश लारा, राजेश केसरवानी, गिरजेश मिश्रा, राजन शुक्ला आदि रहे।

# हास्य व्यंग के पुरोधा कवि चिरकुट इलाहाबादी साहित्य जगत की एक अमूल्य निधि : गजेन्द्र

**नैनी।** नैनी सुप्रसिद्ध हास्यकवि कुटेश्वर नाथ त्रिपाठी चिरकुट इलाहाबादी की प्रथम पुण्यतिथि पर क्षेत्र के देवरी गांव में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपने रचनाओं के माध्यम से दिवंगत कवि को श्रद्धांजलि अर्पित किया। शनिवार देर शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शम्भुनाथ त्रिपाठी अंशुल ने किया। पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि तथा रत्नेश द्विवेदी व बद्री प्रसाद मिश्र मधुकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती व चिरकुट जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कवि रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश ने सरस्वती वंदना कर में वीणा लिए मातु आ जाइए शंख पुस्तक व माला में छा जाइये प्रस्तुत किया। बद्री प्रसाद मिश्र की रचना आप सबको हंसाते रहे उम्र भर कविता सुनते सुनाते रहे उम्र भर तथा जगदम्बा शुक्ल की कविता भारत की रक्षा कैसे कर पाओगे कृष्ण मुरारी देश बेंच देने को हैं तैयार यहां व्यापारी खूब सराही गई। अभिषेक केसरवानी की कविता तुम्हें उल्फत की दौलत से मैं मालामाल कर देता तथा अशफीर्लाल पटेल की कविता संसार छोड़ कर चले गए चिरकुट जी हमेशा अमर रहें पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाया। अंशुल जी की रचना तुम्हारी गोद में युग का नया इतिहास सोया है ने मंच को ऊंचाई प्रदान की। रत्नेश द्विवेदी और उत्कर्ष त्रिपाठी ने भी अपनी रचना प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हास्य व्यंग्य के पुरोधा कवि चिरकुट इलाहाबादी साहित्य जगत की एक अमूल्य निधि थे उनकी कमी हमेशा खलेगी। कार्यक्रम के अंत में चिरकुट जी के पुत्र व कवि सम्मेलन के आयोजक अनुराग त्रिपाठी की ओर से सभी कवियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। देर शाम तक चलने वाले कवि सम्मेलन में स्थानीय श्रोतागण मौजूद रहे।




# चुनाव के बाद जारी होगा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती का विज्ञापन, 300 से अधिक पद भरने की तैयारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए लोकसभा चुनाव के बाद विज्ञापन जारी करने की तैयारी में है। इस भर्ती के लिए अभ्यर्थी काफी दिनों से इंतजार कर रहे हैं। आयोग को रिक्त पदों का अधियाचन भी कई माह पहले मिल चुका है। यूपीपीएससी को राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के 300 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन मिल चुका है। आयोग ने जब जनवरी-2024 में भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया था, तभी यह स्पष्ट कर दिया था कि स्क्रीनिंग परीक्षा से संबंधित नियमावली को शासन स्तर से मंजूरी मिलने के बाद भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा।दरअसल, आयोग ने निर्णय लिया था कि सीधी भर्ती में भी स्क्रीनिंग परीक्षा के अंक जोड़े जाएंगे। पहले अभ्यर्थियों का चयन केवल इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार पर होता था और स्क्रीनिंग परीक्षा अभ्यर्थियों की छंटनी के लिए होती थी। इस व्यवस्था को बदलते हुए आयोग ने तय किया है कि अभ्यर्थी के चयन में स्क्रीनिंग परीक्षा के 75 फीसदी एवं इंटरव्यू के 25 फीसदी अंक जोड़े जाएंगे और इसी आधार पर मेरिट बनेगी। असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भी सीधी भर्ती होती रही है लेकिन अब इस भर्ती में भी स्क्रीनिंग परीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यही वजह है कि स्क्रीनिंग परीक्षा के लिए नई नियमावली तैयारी की गई है और प्रस्तावित नियमावली को शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। शासन स्तर से नियमावली को जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। ऐसे में यूपीपीएससी चुनाव के बाद इस भर्ती का विज्ञापन जारी करने की तैयारी में है। आयोग जितनी सीधी भर्तियां कराता है, उनमें असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आते हैं। भर्ती में स्क्रीनिंग परीक्षा के अंक जोड़े जाने की व्यवस्था लागू होने से इस बार अभ्यर्थियों के लिए स्पर्धा काफी कठिन होने जा रही है। वहीं, कई अन्य सीधी भर्तियों में भी स्क्रीनिंग परीक्षा के अंक चयन का आधार बनेंगे। इससे अन्य भर्तियों में भी अभ्यर्थियों के बीच स्पर्धा बढ़ेगी।




## न्यूज झरोखा

### मुस्लिम महिलाओं ने मोदी सरकार के लिए मांगी दुआ



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा की जीत की दुआ के लिए संगमनगरी की दर्जनों मुस्लिम महिलाओं ने रविवार को विशेष नमाज अदा की। बुर्का पहने मुस्लिम महिलाएं सिर पर भाजपा की टोपी लगाए हुई थीं और हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें ली थीं। मोदी समर्थक निगहत खान, यासमीन और शोएबा आदि महिलाओं ने कामना की है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश की सेवा करें ताकि महिलाएं और सशक्त हो सकें। इन मुस्लिम महिलाओं ने जमकर चुनाव प्रचार किया था और भाजपा की जीत के लिए मेहंदी भी लगाईथी। मोदी समर्थक मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि मंगलवार को नतीजे आने के बाद वह जमकर जश्न मनाएंगी। वहीं दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की कामना के साथ महापौर गणेश केसरवानी ने रविवार को मां गंगा की आरती और पूजन किया। प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीत मिलने का आशीष मां गंगा से मांगा। इस अवसर पर चुन्नू बाबा, लाल यादव, गिरजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, राजेश केसरवानी, अमर सिंह, विवेक मिश्रा, मुकेश कसेरा, आकाश सोनकर, हर्षवर्धन व शत्रुघ्न जायसवाल आदि रहे।

### एग्जिट पोल को गलत बता रहा विपक्ष, भाजपाई गदगद

**प्रयागराज।** एक जून को यानी 7वें चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद से लगातार एग्जिट पोल सामने आने लगे हैं। इसमें इखढ को ज्यादा सीटें मिलते दिख रही हैं। इस एग्जिट पोल से इंडी गठबंधन और विपक्ष के लोग असंतुष्ट हैं। वे इसे पूरी तरह से फर्जी बता रहे हैं।सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने इस एग्जिट पोल को गलत बताया है। वहीं भाजपाई लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे हैं और वह एग्जिट पोल से पूरी तरह से खुश हैं।

### हर बार की तरह झूठा साबित होगा एग्जिट पोल : सपा

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान कहा कि यह एग्जिट पोल हर बार की तरह से झूठा साबित होगा। कार्यकताओं को और मतगमणना में लगे कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो विधानसभा के चुनाव में दिल्ली में एग्जिट पोल के हिसाब से अरविंद केजरीवाल सत्ता से बाहर जा रहे थे लेकिन उल्टा हो गया, केजरीवाल अच्छी सीटों के साथ जीत हासिल करने में सफल रहे और वहां बीजेपी दिल्ली में महज 3 सीटों तक सीमित रहीं। इसी तरह यहां भी इस बार यूपी में 80 प्लस हम जा रहे हैं।

### तानाशाह सरकार के दबाव में एग्जिट पोल बताने वाले: कांग्रेस

**प्रयागराज।** प्रयागराज कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन एग्जिट पोल को पूरी तरह से फेक बता रहे हैं। वह कहते हैं कि ह्लयह मोदी सरकार तानाशाह है, कुछ ऐसे चैनल जो भाजपा के दबाव में हैं वह एग्जिट पोल में इखढ की भारी बढ़त बता रहे हैं, जो हकीकत से परे है। देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इलाहाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी और फूलपुर से सपा प्रत्याशी की जीत तय है। यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन की 32 से 34 सीटें जीत रहे हैं।

### बीएसपी मंडल प्रभारी बोले... जमीनी हकीकत के विपरीत एग्जिट पोल

**प्रयागराज।** मंडल के बसपा प्रभारी साबिर सिद्दीकी कहते हैं कि एग्जिट पोल जमीनी हकीकत से बिल्कुल अलग है। चुनाव में लगे अधिकारियों और कार्यकताओं पर दबाव बनाने के लिए इस तरह का एग्जिट पोल चलवाया जाता है। सभी सीटों पर बसपा ने अच्छी लड़ाई लड़ी है। जनता का समर्थन मिला है और हम चुनाव जीत रहे हैं। यह 4 जून को स्पष्ट हो जाएगा।

### हारने के बाद ईवीएम पर लगाएंगे इल्जाम : बीजेपी

भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पांडेय ने एग्जिट पोल पर अपनी राय दी। बोले- विपक्षी चुनाव हार चुके हैं। उनके पास कोई आधार नहीं है। हारने के बाद हर बार की तरह वह ईवीएम पर इल्जाम लगाएंगे। इंडी गठबंधन के नेता 4 जून के बाद ध्यान लगाने के लिए विदेश चले जाएंगे। इलाहाबाद और फूलपुर सीट दोनों बीजेपी जीत रही है। 80 में से 70 से 75 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है।

# सेंट जोन्स एकेडमी में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी 15 यूपी बटालियन द्वारा सेंट जोन्स एकेडमी करछना में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -63 में यातायात विभाग की टीम द्वारा कैडेटों को जागरूक करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ यातायात विभाग द्वारा भेजे गए यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार पांडे द्वारा व्यावहारिक रूप से कैडेटों को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया पांडे द्वारा फ्लेक्स द्वारा कैडेट को यातायात संबंधी महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई अत्यधिक मनोरंजक ढंग से दी गई इस जानकारी को कैडेट ने उत्साह पूर्वक सीखा कैंप कमांडेंट कर्नल पी एस महापात्रा द्वारा यातायात निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार पांडे को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम का संचालन मेजर राजेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया स्पेशल पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर प्रसाद, सूबेदार मेजर रवि सिंह, लेफ्टिनेंट बालेंद्र मिश्रा, लेफ्टिनेंट अभिजीत, चीफ ऑफिसर यू एन सिंह, चीफ ऑफिसर सेवालाल, सरफराज अहमद, सूबेदार राजेंद्र कुमार, नायब सूबेदार मनोज कुमार, नायब सूबेदार सुरेश कुमार, जीसीआई वर्षा केसरवानी उपस्थित रहे।

# अरैल क्षेत्र में समाजसेवियों ने पेयजल की व्यवस्था किए



**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा किया गया शिवनगर तिराहे पर सामाजिक कार्यकर्ता चरण यादव एवं नीरज यादव हीरालाल के द्वारा प्रतिदिन घड़ा में पानी भरकर के आने जाने वाले लोगों को पिलाने की व्यवस्था की गई समाजसेवी संजय श्रीवास्तव सुशील शुक्ला डीके मिश्रा महेंद्र कुमार शर्मा त्रिभुवन सिंह यादव अरुणेश यादव साहब लाल यादव अर्जुन यादव उमानाथ लोगों का विशेष सहयोग रहता है। समाजसेवी संजय श्रीवास्तव ने बताया इस भीषण गर्मी में आने जाने वालों के लिए प्रशासन के द्वारा पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है इसको देखते हुए शिवनगर नैनी तिराहा पर समाजसेवियों ने घड़े की व्यवस्था करके आने जाने वाले लोगों को पानी पिलाते हैं।

# तेज आंधी पानी से विद्युत लाइन के पोल गिरे, आपूर्ति ठप

## 15 घंटे बाद भी नहीं बहाल हो सकी बिजली, मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीती रात शहर में तेज आंधी पानी के साथ आसपास क्षेत्र के पेड़-पौधे और विद्युत पोल धराशायी हो गये जिससे भोर में तीन बजे से शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई जो 15 घंटे बाद शाम छह बजे तक बहाल नहीं हो सकी थी। इससे पूरे शहर में बिजली पानी के लिये हाहाकार मच गया। 15 घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से घरों के इनवर्टर फेल हो गये। हालत इतनी बदतर हो गई कि लोग मोबाइल चार्ज करने के लिये परेशान दिखे।



सड़क पर गिरे पेड़ को हटाते ग्रामीण।

बताया जाता है कि शहर में भोर में तीन बजे से पांच बजे तक तेज आंधी के साथ बारिश हुई जिससे भुपियामऊ विद्युत स्टेशन के पास दस से अधिक विद्युत पोल पेड़ गिरने से धराशायी हो गये जिससे पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। लोग सुबह जब सोकर उठे तो विद्युत आपूर्ति ठप थी। आपूर्ति ठप होने से पेयजल की मुख्य समस्या बन गई।

इससे घरों में लोग नित्य क्रिया नहीं कर पाए। दोपहर तक घरों के इनवर्टर फेल हो गये। इस बारे में एसडीओ टाउन अजीत यादव ने पूछने पर बताया कि भुपियामऊ की मेन लाइन पर दस विद्युत पोल गिरे हैं। कई पोलों पर पेड़ गिरे थे। उन्होंने बताया कि देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकती है। पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था नगर पालिका टैंकर से भी पूरे शहर में नहीं हो पाई। अपरान्ह चार बजे तक अचलपुर व चिलबिला में नगर पालिका का टैंकर भेजा जा सका था। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पूछने पर बताया कि बिजली के अभाव में पम्प भी नहीं चल पा रहे हैं। किसी प्रकार से व्यवस्था कर दो टैंकर भेजे गये हैं। अभी पड़ाव वार्ड में टैंकर भेजने की तैयारी हो रही है। वैसे पूरे शहर में मात्र दो-तीन टैंकर से पेयजल की आपूर्ति ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई।



अचलपुर वार्ड में टैंकर से पानी की सप्लाई करते नगर पालिका कर्मी।

## नौतपा समाप्त, दो डिग्री पारा और गिरा, राहत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नौतपा के समाप्त होने से और रात में बारिश होने से आज गर्मी में थोड़ा राहत रही। आज फिर दो डिग्री पारा घटकर 40 डिग्री अधिकतम हो गया है। धूप तेज निकली फिर भी वह गर्मी नहीं थी जो तीन दिन पहले थी। बताया जाता है कि नौतपा के समाप्त होने से आज लू भी नहीं चली। इससे सबसे बड़ी राहत लोगों ने महसूस की। बीती रात वर्षा हुई है, इससे तेज धूप का असर भी कम देखने को मिला।

## तूफान से गिरा छप्पर, बीडीसी की मां की मौत

**प्रतापगढ़।** आंधी तूफान से रिहायशी छप्पर गिरने से बीडीसी की मां की मृत्यु हो गई है। बताया जाता है कि सण्डवा चण्डिका ब्लाक के रसूलपुर पूरे नेल गांव के बीडीसी पवन यादव का रिहायशी छप्पर गिर गया जिसके नीचे उनकी मां धनपत्ती देवी दब गईं। उन्हें ट्रामा सेंटर लालगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम, एसपी व सीडीओ ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने आज संयुक्त रूप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नवीन महुली मण्डी में बनाये गये स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसके उपरान्त उन्होने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया एवं समस्त तैयारियों ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बान्धित अधिकारियों को दिये। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून 2024 को नवीन महुली मण्डी में होनी है जिसकी तैयारियों को लेकर डीएम, एसपी, सीडीओ ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही समस्त व्यवस्थाओं को देखा एवं सम्बान्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल पर मजबूत वैरीकेडिंग, जाली, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि मतगणना से पूर्व समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारीगण व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



स्ट्रांग रुम का निरीक्षण करते डीएम, एसपी।

## एग्जिट पोल से बढ़ी नेताओं की धुकधुकी भाजपा और सपा समर्थको का बढ़ा तापमान

### एग्जिट पोल मे भाजपा प्रतापगढ़ और कौशाम्बी की दोनो सीट पर विजय की संभावना

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** सातवें चरण का मतदान पूरा होने के बाद मीडिआ रिपोर्ट्स एग्जिट पोल के जरिये जैसे ही लोगों के बीच पहुंची तो समर्थको का तापमान उपर नीचे होना शुरु हो गया। जहाँ देश मे भाजपा के भारी बहुमत से जीतने के संभावना जताई जा रही है। प्रतापगढ़ और कौशाम्बी मे भी भाजपा को दोनो सीट जीतने की संभावना की खबर से सपा समर्थको मे उहापोह की स्थिति बनी हुयी है। हालांकि एग्जिट पोल अंतिम परिणाम नही होते लेकिन मीडिआ रिपोर्ट्स को मानने वाले लोग चैराहो पर जमकर कयास लगाते हुए देखे जा सकते है।

इस मामले को लेकर जब् लोगों से बात की गयी तो जो जिस पार्टी का समर्थक था उसी के हिसाब से अपनी राय बता रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता 4 सौ पार वाले नारे पर अटल है तो समजवादी और इंडी गठबंधन के लोग इन एग्जिट पोल से इतर राय जता रहे है। इंडी समर्थको का कहना है की एग्जिट पोल गोदी मीडिआ के दिमाग़ की उपज है उन्हे अब भी यकीन है की 4 तारीख को होने वाली मतगड़ना चैकाने वाले नतीजे देगी। इसलिए उनकी राय एग्जिट पोल से अलग है। वैसे अब सिर्फ दो दिन बचे है जब देश मे हुए लोकसभा चुनाव मे वोटो की गिनती की जाएगी तो दूध और पानी दोनो को अपना अंदाजा हो जायेगा लेकिन ये बात तो तय है की एग्जिट पोल ने बड़े बड़े नेताओ और उनके समर्थको को बेचैन कर दिया है। उन्हे भी मतगड़ना का और उससे निकलने वाले नतीजों का इंतजार है।

# गीत हर रूप में मन की कोमल भावनाओं को छूते हैं: आनन्द मोहन ओझा

### हिन्दी जगत की ख्यातिलब्ध पत्रिका अनन्तिम के गीत विशेषांक का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा विगत 16 वर्षों से प्रकाशित होने वाली हिन्दी जगत की ख्यातिलब्ध पत्रिका अनन्तिम के गीत विशेषांक का लोकार्पण सृजनाकुटीर में हुआ। साहित्य मर्मज्ञ सतीश गुप्ता द्वारा संपादित लोकप्रिय पत्रिका के गीत विशेषांक के अतिथि संपादक साहित्य भूषण हरीलाल मिलन हैं।

इस अंक में जहां एक ओर महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, रघुवीर सहाय, कुंवर बेचैन जैसे दो दर्जन दिवंगत मशहूर गीतकारों के गीत समाहित हैं, वहीं दूसरी ओर सुप्रसिद्ध जीवित 151 गीतकारों के गीतों को भी स्थान मिला है। अध्यक्षता करने वाले पूर्व एडीआईओएस व जिले के शीर्षस्थ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि गीतों का यह अंक हिन्दी के कालजयी गीतों और गीतकारों का ऐतिहासिक अभिलेख है। गीतों में मानव की विविध अनुभूतियों की अभिव्यंजना हुई है। मुख्य अतिथि अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि गीत हर रूप में मन की कोमल भावनाओं को छूते हैं। अतिथि संपादक हरीलाल मिलन ने कहा कि कड़ी मेहनत करके गीतों को संकलित किया गया है। यह अंक शोध के योग्य है। संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। समारोह में राकेश कनौजिया, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री अमर नाथ गुप्ता बेजोड़, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, जितेंद्र कुमार मौर्य, अक्षांश शेखर ने भावाभिव्यक्ति की।




गीत विशेषांक का लोकार्पण करते अतिथिगण।

# उमरवैश्य समाज का 18वां छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 30 जून को

### हाई स्कूल, इंटर, बीए के समाज के मेधावियो को सम्मानित किया जाएगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की एक बैठक अध्यक्ष गुलाबचंद्र उमरवैश्य की अध्यक्षता में उमरवैश्य धर्मशाला में संपन्न हुई। जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 18वें छात्र-छात्रा सम्मान समारोह करने की इस वर्ष की योजना बनाई गई।

समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज सभा द्वारा आयोजित समाज के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। जो छात्र-छात्राएं हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, बीए, बीएससी में प्रथम स्थान में उत्तीर्ण हुए हैं उन सबको समाज सभा सम्मानित करेगी। यह आयोजन 30 जून को उमरवैश्य धर्मशाला में होगा। समाज सभा के महामंत्री शोभनाथ ने सभी समाज के मेधावियों से अनुरोध किया है कि 25 जून तक सभी छात्र-छात्राएं जो प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं वह अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी व एक फोटो समाज सभा के पदाधिकारीयो के पास जमा कर दें। जिससे सभी को 30 जून को होने वाले सम्मान समारोह में सभी को सम्मानित किया जा सके। अध्यक्ष गुलाब चंद्र ने सभी पदाधिकारीयो से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जो छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पाये हैं उन सब की फोटो व मार्कशीट की फोटो कॉपी जमा करने में सहयोग करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सम्मानित किया जा सके। संचालन महामंत्री शोभनाथ व आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष मदनलाल उमरवैश्य ने किया। इस अवसर पर कैलाश मैनेजर, विश्वनाथ उमरवैश्य, राम जी, जवाहरलाल, डॉ0 श्याम, अजय कुमार, देवेंद्र गुप्ता, मदनलाल, शोभनाथ, श्री राम, गुलाब चंद्र, हनुमान प्रसाद पेशकार, लक्ष्मी नारायण आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



उमरवैश्य समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

## छप्पर गिरने से वृद्धा की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अचानक तूफान तथा बारिश से गिरे छप्पर के नीचे महिला की दबकर मौत हो गयी। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवल निवासी धनपति देवी (70) शनिवार की रात घर के सामने छप्पर में सो रही थी। रात करीब साढ़े तीन बजे अचानक तूफान व बारिश के चलते छप्पर गिर गया। धनपति देवी छप्पर के नीचे दब गयी। धनपति की चीख पुकार सुन परिजनों ने उसे किसी तरह घायल अवस्था में बाहर निकलवाया। परिजन इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आए। इलाज के दौरान धनपति की सांसे थम गयी। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रविवार को भिजवाया। वहीं वृद्धा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# मेंहदी प्रतियोगिता में निहारिका और सिमरन ने बाजी मारी

### बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के समर कैंप का लुत्फ उठा रहे नौनिहाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के द्वारा भंगवा गांव में फ्री स्टडी सेंटर पर चलाए जा रहे निशुल्क फन समर कैंप में नौनिहाल अपनी छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिल गया है।

सेंटर पर पर्यावरण संरक्षण पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें सीनियर वर्ग में निहारिका और जूनियर वर्ग में सिमरन प्रजापति ने बाजी मारी। डेढ़ घंटे की इस प्रतियगिता में दर्जन भर से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें प्रिया, रागिनी, साक्षी, निहारिका और सिमरन ने एक दूसरे को मेंहदी लगाई। जिसमें फाइनल में निहारिका और सिमरन प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक टीचर दामिनी ने बताया कि प्रतियोगिता का निर्णय करना काफी कठिन था। पर्यावरण संरक्षण के आधार पर कराई गई प्रतियोगिता में सभी ने मेहनत की थी। जिसमें दो छात्राएं जीती। उन्होंने बताया कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। मंच मिल जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं की पहचान हो सकती है। इसके बाद आर्ट प्रतियोगिता कराई जाएगी।

## आर्ट प्रतियोगिता में सिमरन प्रजापति ने सबको पछाड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा भंगवा में चल रहे फन समर कैंप में रविवार को आर्ट प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में क्लास दस की सिमरन प्रजापति ने सबको पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीचर दामिनी और सीनियर छात्र हिमांशु निर्णायक भूमिका में रहे।

# पीपल के पेड़ के मलबे में दबने से भैंस की मौत

### तूफान के चलते कई पेड़ उखड़ कर जमीदोज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज तूफान के चलते राम किशोर पाल पिपरी मुतकरपुर थाना आसपुर देवसरा ने अपने घर के सामने घास फूस के छप्पर बनाया हुआ हैं। पशुशाला शाम को राम किशोर पाल ने अपनी कीमती भैंस को गर्मी के कारण घर के सामने पीपल के पेड़ के नीचे खूंटे से बांध दिया था की भोर में आए तूफान के कारण पीपल का पेड़ गिर गया घर वालो की चीख पुकार सुन कर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पहुंच कर भैंस को बचाने का प्रयास किया लेकिन जब तक ग्रामीण पेड़ के मलवे से बाहर निकाल पाते तब तक भैंस की मौत हो गई।

पूरे दलपत शाह गांव निवासी छोटेलाल पांडे के घर के सामने आम के पेड़ को तेज तूफान ने उखाड़ कर पक्का मकान के छत पर फेंक दिया जिनके कारण घर की छत में मोटी मोटी दरारें आ गई। तेज तूफान के कारण इलाके में कई पेड़ जमीन दोज हो गए वहीं आसपुर देवसरा दाउदपुर संपर्क मार्ग पर राम जानकी मंदिर के पास विशालकाय आम का पेड़ सड़क पर गिर गया जिससे आवागमन बाधित गया जिससे मार्ग पर दोनो तरफ़ से वाहनों की लाइन लग गई आसपास की ग्रामीणों की मदद से पेड़ के गिरे मलबे को हटाकर 2 घंटे बाद यातायात बहाल किया जा सका। उधर आसपुर देवसरा इलाके में रविवार की भोर में आए तूफान के कारण आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है जैसे ही तूफान आते देख ग्रामीणों ने तो अपनी जान हथेली पर लेकर आम बिनने के लिए बगीचे की तरफ चल दिए और सुबह तक ग्रामीण आम के बाग में आम बिनते नज़र आए तूफान से इलाके में लगभग 50 प्रतिशत आम की फसलों का नुकसान हुआ है।

## नगर में गिरे पेड़ को हटवाने पहुँचे चेयरमैन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आज सुबह 4 बजे भारी आंधी-तूफान आया जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया बहुत सारे पेड़ टीनशेड उड़ गए। पट्टी नगर में भी बाईपास रोड,बीबीपुर, चाँदा रोड पर पेड़ गिर गए जिससे रोड ब्लॉक हो गया सड़कों पर वाहनों की लंबी लाइन लग गयी जब इसकी जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल को हुई तो मौके पर पहुँचकर वन विभाग के कर्मचारियों को फोन करके निर्देशित करके पेड़ों को हटवाया जिससे सड़क पूरी तरह खाली हो गयी और वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो गया।

# आम की बाग़ मे आधी तूफान का कहर, हुआ नुकसान


### आम की बाग़ में हुआ करोड़ों का नुकसान, गौशाला के टीन सेट हुए अस्त ब्यस्त

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना सर्किल क्षेत्र मे शनिवार की शाम रात लगभग ढाई बजे अचानक बादलो की तेज आवाज व आंधी तूफान के साथ समुचा क्षेत्र तहस नहस हो गया भयानक आधी तूफान के चलते लोगो के दुकान व घरो के टीन सेट 500 मीटर तक उड़ गये बिजली के दर्जनों खम्भे 11 हजार हाई टेंशन टूटकर गिर गये जिससे संग्रामगढ़ व कालाक़ांकर पावर हॉउस की बिजली सप्लाई पुरी तरह ठप हो गई जिसको बहाल करने मे अधिकारी के साथ लाइनमैंन लगे हुए है।

बिजली सप्लाई बाधित होने से पानी के लिए हाहाकार मच गया है। इस आंधी तूफान के चलते के आम के बाग के मालिक व फल के खरीदार पुरी तरह बर्बाद हो गये सबसे ज्यादा थाना क्षेत्र के बागवान खरीददारी महेश सोनकर का लगभग 70 लाख रुपये, आत्मानंद सोनकर का 25 से 30 लाख, संतोष सोनकर का 5 से 10 लाख, समसाद अहमद का 50 से 60 लाख संदीप सोनकर का 5 से 8 लाख रुपये व रेवली ग्राम प्रधान अमित कुमार की हरी भरी आम की बाग मे फल सहित कई पेड़ गिर जाने से 50 से 60 लाख रुपये का नुकसान हो गया इस आंधी तूफान व पानी ने आम की बाग़ को पुरी तरह बर्बाद कर दिया बागवान मालिक अपना सिर पर हाथ रखकर रह रहकर इस आपदा को कोस रहे है।

बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कालाकांकर पावर हॉउस के एसडीओ राहुल वैश्य जेई ब्रजेश यादव अपने लाइन मैन शुभम् सिंह व सुरेश भदौरिया बब्बू व बबलू के साथ आपूर्ति बहाल करने मे लगे हुए है इसी तरह संग्रामगढ एसडीओ अनिल कुमार यादव अपने सहयोगियों के साथ जनवामऊ फीडर से जुड़े क्षेत्र मे आपूर्ति बहाल करने मे लगे हुए 33 हजार की सप्लाई जनवामऊ व कालाक़ांकर फीडर तक बहाल कर दिया है जो 11 हजार की बहाल करने मे लगे हुए है। इस आधी तूफान ने कालाकांकर ब्लाक के झुकवारा व अतौलिया गौशाला को पुरी तरह तहस नहस कर दिया है टीन सेट हवा मे उड़ गये कुछ पता ही नही चल पाया इस तूफान ने मवेशियों को खुले आसमान के नीचे रहने को विवश कर दिया है।इस आंधी पानी तूफान से प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे व परियावां लवाना मार्ग पर जगह जगह सड़क किनारे लगे पेड़ गिर गये है। बिजली आपूर्ति एसडीओ राहुल वैश्य के मुताबिक शाम 6 बजे तक आने की बात् कही है। इस चक्रवती आंधी तूफान पानी ने सारा जन जीवन तहस नहस कर दिया है। खास कर आम की बाग को ज्यादा नुकसान हो गया है। हरे भरे पेड़ गिरने से सुबह से ही पेड़ो की कटान जोरो पर हो रही है।



आंधी तूफान से आम की बाग में जमीन पर गिरा आम।

## मंदबुद्धि की महिला का मिला शव, हड़कम्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पूरे जोधा गांव में रविवार की सुबह सड़क किनारे झाड़ी में मंदबुद्धि की महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। मृतका मंदबुद्धि की बतायी जाती है। वह अक्सर रामपुर बावली बाजार में घूमा करती थी। मृतका का शव सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतका की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

## तूफान बना लोगों के लिए मुसीबत का सबब

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** क्षेत्र में शनिवार देर रात तीन बजे तेज़ हवा के झोंकों के साथ हुई जोरदार बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लेकिन तेज तूफान लोगों के लिए आफत बन गया। जगह-जगह टीन शेड उखड़कर उड़ गए जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में छप्पर भी उड़ गए। करीब एक घंटे तक आलम यह था कि तेज रफ्तार से चल रही हवाओं के साथ ही जोरदार बारिश होती रही। जबकि पट्टी तहसील मुख्यालय के बाइपास रोड पर बबूल का पेड़ गिरने से करीब पांच घंटे तक यातायात बाधित रहा जिसके चलते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही और राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं करीब 5 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पट्टी-ढकवा मार्ग के साथ ही चांदा मार्ग पर आमापुर मोड़ पर भी पेड़ गिरने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं तेज हवा के झोंकों के साथ हुई जोरदार बारिश से किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं। बता दे तेज तूफान के चलते क्षेत्र में आम के बगीचों में भी खाता नुकसान दिखता नजर आ रहा है।

# डीसीएम की टक्कर से आधा दर्जन लोग गम्भीर घायल

## कडा के पास कार में टक्कर मारने के बाद भागते समय टेढीमोड़ के पास वारदात को दिया अंजाम, डीसीएम चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश





**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के टेढीमोड़ के पास एक डीसीएम ने आधा दर्जन लोगों को टक्कर मारा जिससे सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना को अंजाम देकर डीसीएम चालक गाड़ी लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, तभी वहा पर मौजूद लोगों ने उसे पकड लिया, और उसकी धुनाई शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने डीसीएम चालक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। उधर एम्बुलेंस बुला कर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। घटना की जानकारी होते ही लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उधर घटना की जानकारी होते ही डीएम एवं एसपी भी मौके पर पहुच गये। दोनों अफसरों ने लोगों को समझा बुझा कर कहा कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीसीएम चालक अवधेश यादव उम्र ३० वर्ष पुत्र राम चन्द्र निवासी भागू का पूरा ताज मल्लाहन रविवार की शाम को कडाधाम की ओर से डीसीएम लेकर आ रहा था। उसने कडा के पास एक कार में टक्कर मारा जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद वह गाडी लेकर भागा तो आगे एक बोर्ड में डीसीएम टकरा गई। वहा से गाडी लेकर भागा तो टेढीमोड के पास पहुचा, जहा पर बाजार लगा हुआ था, जैसी ही वह शराब के ठेका के सामने पहुचा, वहा पर लोगों की भीड जमा थी, डीसीएम अनियंत्रित हो गई, और दो बाइकों में टक्कर मारने के बाद ई-रिक्सा में टक्कर मारा जिसमें अशोक कुमार पुत्र दयाराम निवासी थुलबुला व अमनीश कुमार तथा संतोश कुमार पन्नी लाल नोखे लाल, अजीत कुमार निवासी मलाका गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना को अंजाम देकर डीसीएम चालक अवधेश कुमार यादव पुत्र राम चन्द्र यादव निवासी भागू का पूरा ताज मल्लाहन भागने लगा, तो लोगों ने उसे पकड लिया, और उसकी धुनाई शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर पहुची स्थानीय पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया, और सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। वही घटना की जानकारी होते ही वहा पर लोगों की भीड जमा हो गई। लोग घटना को लेकर आक्रोशित हो गये। वही घटना की जानकारी होते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार राय व पुलिस कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव तथा सिराथू सीओ अवधेश विश्वकर्मा मौके पर पहुच गये। दोनों अफसरों ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया, और कहा कि घायलों का इलाज चल रहा है, वह जल्द ही सही हो जायेगे हादसे में मृतकों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

# अज्ञात शव मिलने का ठिकाना बनता जा रहा हावड़ा दिल्ली रेल लाइन

## कोखराज थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन पर फिर एक अज्ञात शव मिला

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन अज्ञात शव मिलने का ठिकाना बनता जा रहा है अक्सर रेलवे लाइन के आसपास अज्ञात शव मिलते हैं जिनकी शिनाख्त नहीं हो पाती है यह शव कहां से आते हैं और कौन लाता है इस बारे में खुलासा नहीं हो पता है कोखराज थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन पर फिर एक अज्ञात शव मिला है पुलिस का कहना है कि दुर्घटना से ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत हो गई है,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास एक युवक का क्षत विक्षत शव रेलवे लाइन के पास पड़ा हुआ मिला है,सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास शव को देखा तो हड़कंप मच गया,ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# कमरे के अंदर मिला अधेड़ का सड़ा गला हुआ शव

अखंड भारत संदेश

## 3 दिन पुराना बताया जा रहा शव पुलिस जांच में जुटी



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में कमरे के अंदर एक अधेड़ का सड़ा गला हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई,मृतक अकेले रहता था,मृतक का शव 3 दिन पुराना बताया जा रहा है,पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस पहुंची पंचायत नामा के बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव के रहने वाला फकरुद्दीन 65 वर्ष पुत्र स्व सुलाखी अपनी पत्नी की मौत के बाद से घर पर अकेले ही रहता था, आसपास के लोगो से जो कुछ खाने को मिलता उसी से गुजर बसर करता था। फकरुद्दीन की कोई संतान नहीं थी। गांव के लोगो ने बताया कि फकरुद्दीन को आखिरी बाद 3 दिन पहले गांव में देखा गया था। इसके बाद उसे किसी से नहीं देखा। लोगो को लगा कि वह घर बंद कर मंझनपुर कस्बा गया होगा। शनिवार की शाम घर के पास से दुर्गंध लोगो ने महसूस की। घर के पास आने पर दुर्गंध बढ़ गई स्थानीय लोगों ने घर के अंदर झांक कर देखा तो फखरुद्दीन का शव घर के कमरे में पड़ा हुआ था, उसका शरीर पूरी तरीके से काला पड़ चुका है। हत्या की आशंका से स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की वही थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने बताया कि गांव के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची है।



# पुरुषोत्तम राम जी की कथा का हुआ वर्णन

**कौशांबी।** जिला के गुरौली ग्राम सभा में चल रहे 28 तारीख से महायज्ञ के छठवें दिन मां चंडिका देवी की भव्य श्रृंगार हुआ सतचंडी पंच कुंडीय हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसके आयोजक नीतीश मिश्रा है बनारस से चलकर कथावाचक लोकनाथ मिश्रा अपने मुखारविंद से पुरुषोत्तम राम जी का कथा का वर्णन करते हुए लोगो को सुंदर कथा सुना रहे है ग्राम सभा गुरौली में सतचंडी पंच कुंडीय हवनात्मक महायज्ञ के छठे दिन मां चंडिका देवी का भव्य श्रृंगार डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव के हाथों किया लोगों ने बताया कि जमुना जी के किनारे स्थित गुरौली गांव में मां देवी चंडिका की प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण सैकड़ो वर्ष पूर्व हुआ था जो आज भी मान्यता है माता के दर्शन से सभी की मनोकामना पूरी होती है कि 24 गांव के माता के दर्शन के लिए आते हैं महा यज्ञ के छठे दिन हजारों भक्त पहुंचे महायज्ञ में पांच हवन कुंड बनाए गए हैं लोगों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिछले 16 वर्षों से निरंतर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है गुरौली गांव में चितापुर से आए डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने मां देवी चंडिका का भव्य सोलह सिंगार किया कथावाचक लोकनाथ मिश्रा ने अपने मुखारविंद से परसोत्तम श्री राम जी का कथा का वर्णन किया। आयोजक नीतिश मिश्रा, पवन पाण्डेय जी कार्यकर्ता निगम मिश्रा, अशोक मिश्रा, बाबू पाण्डेय, अंकित पाण्डेय , नाते पाण्डेय, विकास मिश्रा, प्रकाश त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, आदि लोग शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### सम्पूर्ण थानाध्यक्ष द्वारा अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कौशाम्बी जनपद के सम्पूर्ण थानाध्यक्ष द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस चौकी इंचार्ज ने भी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया। पैदल भ्रमण के दौरान थाना पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों को चेक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन हेतु जागरूक किया गया।

### महिला थाना पुलिस द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया



**कौशाम्बी।** महिला थाना पुलिस मंझनपुर टीम द्वारा कस्बा समदा में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090,1076,112,108,102,181,1930 की जानकारी महिलाओं बालिकाओं को दी गई सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

### वाहनों के टक्कर में ट्रक ड्राइवर घायल

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कजीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक मे आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी है टक्कर लगने से एक ट्रक ड्राइवर केबिन मे फस गया दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गयी कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल ड्राइवर को ट्रक से बाहर निकला गया सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# रीवा एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार बुजुर्ग यात्री की बिगड़ गई तबियत



**कौशाम्बी।** रीवा से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन रीवा नई दिल्ली एक्सप्रेस में सवार बुजुर्ग यात्री की भीषण गर्मी के चलते तबियत बिगड़ गई,ट्रेन जैसे ही सिराथू रेलवे स्टेशन पर रुकी तो ट्रेन में बैठे अन्य यात्रियों ने बुजुर्ग की हालत खराब होने की सूचना एंबुलेंस, रेलवे पुलिस और स्टेशन मास्टर को दी।यात्रियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग यात्री को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा जहा उनका इलाज किया जा रहा है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन पर देर रात रीवा एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार बुजुर्ग यात्री की तबियत भीषण गर्मी के चलते बिगड़ गई,बुजुर्ग यात्री की तबियत खराब देख अन्य यात्रियों ने इसकी सूचना एंबुलेंस,रेलवे पुलिस और स्टेशन मास्टर को दी,तत्काल पुलिस ने बीमार बुजुर्ग को सिराथू रेलवे स्टेशन पर उतारकर उन्हे एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया जहा उसका इलाज चल रहा है।बुजुर्ग कहा से कहा जा रहे थे,इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है।

## कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कजियाना गांव में मामूली विवाद को लेकर युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कजियाना गांव में मामूली विवाद को लेकर युवक अकरम पर दबंगो द्वारा कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया है जिससे युवक को गंभीर चोटें आई है मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गयी लोगों ने बीच बचाव किया हमला करने के बाद ललकारते हुए हमलावर फरार हो गए हैं दोनों पक्ष के बीच 15 दिन पहले भी विवाद हो चुका है घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां युवक का इलाज चल रहा है मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंची है।

# गर्मी से बेहाल कंटेनर चालक की चलती ट्रक में हुई मौत

अखंड भारत संदेश

## भीषण गर्मी का कहर अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया




**कौशाम्बी।** भीषण गर्मी का कहर लगातार जारी है,भीषण गर्मी के चलते शनिवार को पंजाब से चावल लोडकर प्रयागराज जा रहे एक कंटेनर ट्रक चालक की चलती ट्रक में ही मौत हो गई,चालक की मौत से ट्रक अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। पंजाब से चावल लोडकर प्रयागराज जा रहे कंटेनर चालक की भीषण गर्मी के चलते कोखराज थाना क्षेत्र के चमरूपुर गाँव के पास मौत हो गयी सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा। और घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पंजाब के स्टेट नम्बर 4 मोहाली गाँव निवासी राजू राणा 27 वर्ष पुत्र बृज लाल राणा कंटेनर चालक था। वह कंटेनर में पंजाब से चावल लोडकर प्रयागराज की ओर जा रहा था।शनिवार की दोपहर को भीषण गर्मी होने के चलते वह कोखराज भरवारी मार्ग की ओर कंटेनर लेकर घुस गया। अत्यधिक गर्मी होने के चलते उसको हार्ट अटैक आ गया। जिससे उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर चमरूपुर गाँव के एक पेड़ से टकरा गयी। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी भरवारी चौकी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे लेकर लिखापढ़ी कर पीएम को भेजा। और मृतक के परिवार वालों को घटना की जानकारी दी।

# अपर जिलाधिकारी ने लू- हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी की जारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर जिला अधिकारी ने कहा कि लू कब लगती है और इससे कैसे बचा जा सकता है उन्होंने बताया कि गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्ल्यूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता हैं। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत हैं। इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सवाधान रहें। उन्होंने कहा कि लू के लक्षण गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है। जनपद में हीटवेव (लू) के प्रति जोखिम (कमजोर वर्ग एवं क्षेत्र की पहचान करना है 05 वर्ष से कम आयु के बच्चे व 65 वर्ष से ज्यादा के व्यक्तिगर्भवती महिलायें।ऐसे व्यक्ति जो कि सैन्य, कृषि, निर्माण और औद्योगिक व्यवसाय में श्रमिक, मजदूर, खिलाड़ी आदि हों शारीरिक तौर पर कमजोर व्यक्ति एवं मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति।त्वचा संबन्धित रोग जैसेः-सोरायसिस, पायोडर्मा आदि से प्रभावित व्यक्ति पर्यावरण बदलने के कारण गर्मी के अनुकूलनता का अभाव सोने का अभाव हो तो उन्हें लू का खतरा अधिक रहता है

**गर्म हवाएं/लू की स्थिति में क्या करें और क्या न करें :**

कौशाम्बी अपर जिला अधिकारी ने कहा कि सभी को चाहिए कि रेडियो सुनिए, टीवी देखिए, स्थानीय मौसम समाचार के लिए समाचार पत्र पढ़ें।पर्याप्त पानी पियें-भले ही प्यास न लगे।खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू का पानी, छाछ आदि जैसे घरेलू पेय का इस्तेमाल करें।हल्के वजन, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें।अपना सिर ढकेंः कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें हॉथों को साबुन और पानी से बार-बार धोएं।अनावश्यक घर से बाहर प्रात-11 से सांयकाल-4.00 बजे तक न निकले बहुत ही आवश्यक होने पर चेहरे व सिर को ढककर ही निकले।

**नियोक्ता और श्रमिक क्या करें :** कौशाम्बी अपर जिला अधिकारी ने कहा कि नियोक्ता और श्रमिक कार्य स्थल के पास ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएं कार्यकताओं को सीधे धूप से बचने को कहें।अति पारिश्रमिक वाले कार्यों को दिन के ठन्डे समय मे निर्धारित करें।बाहरी गतिविधियों के लिए ब्रेक की आवृत्ति में वृद्धि करें गर्भवती श्रमिकों और श्रमिकों, जिन्हें चिकित्सा देख-भाल की अचानक जरुरत हो सकती हो, उनका अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।

**वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों के लिये क्या करें:** कौशाम्बी अपर जिला अधिकारी ने कहा कि तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो।यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें।उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें।उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

**शिशुओं के लिये क्या करें:** कौशाम्बी अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शिशुओं को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं।शिशुओं में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों का पता लगाना सीखें।यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह डिहाईड्रेशन (पानी की कमी) का शिकार हैं।बच्चों को बिना देखरेख खड़ी गाड़ी में छोड़ कर न जाएं, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

**पशुओ के लिए क्या करे :** कौशाम्बी अपर जिला अधिकारी ने कहा कि जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान उन्हें घर के भीतर रखें यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा गया हो वहां दिनभर छाया रहें।जानवरों को किसी बंद में न रखें, क्योंकि गर्म मौसम में इन्हें जल्दी गर्मी लगने लगती है ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें, पानी को धूप में न रखें। दिन के समय उनके पानी में बर्फ के टुकड़े डालें पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें।किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोडे.।

**लू से अन्य सावधानियाँ बरते :**

**कौशाम्बी** अपर जिला अधिकारी ने कहा की लू से बचाव के लिए जितना हो सके घर के अंदर रहें।अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या धूप का उपयोग करें और खिड़कियां खुली रखें निचली मंजिलों पर रहने का प्रयास करें।पंखे का प्रयोग करें, कपड़ों को नम करें और ठंडे पानी में स्नान करें यदि आप बेहोश या कमजोरी महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाए।जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।

# फतेहपुर में पटरी से उतर गई मालगाड़ी

**मालगाड़ी दुर्घटना के बाद यात्री ट्रेनें भी काफी देर तक प्रभावित रही जिससे यात्रियों में अफरा तफरी मची रही**

**कौशाम्बी।** हाबड़ा दिल्ली रेल लाइन के कनवार रेलबे स्टेशन के आगे फतेहपुर जिला क्षेत्र के कटोघन रेलबे स्टेशन के पास रविवार की भोर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है मालगाड़ी के डिब्बे का पहिया निकलकर बाहर हो गया है मालगाड़ी के पहिए निकल जाने के चलते डीएफसी रेलवे लाइन पर रेल यातायात बाधित हो गया है मालगाड़ी के डीरेल हो जाने की सूचना पर रेलवे कर्मचारी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पहिए को सही करने में जुट गए मामले की सूचना मिलते ही खागा कोतवाली और सैनी कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है आरपीएफ पुलिस भी मौके पर मौजूद है जानकारी के मुताबिक खागा कोतवाली क्षेत्र के कटोघन रेलवे स्टेशन के पास डीएफसी रेलवे लाइन पर रविवार की सुबह भोर दिल्ली से प्रयागराज की तरफ जा रही मालगाड़ी के पहिए निकल कर रेलवे लाइन के बाहर हो गए है,अचानक पहिए के निकल जाने से मालगाड़ी पटरी से उतर गई।जिसके चलते रेल यातायात बाधित हो गया तमाम ट्रेनों को आगे पीछे के स्टेशनों पर रोकना पड़ा दुर्घटना के बाद यात्री ट्रेनें भी काफी देर तक प्रभावित रही जिससे यात्रियों में अफरा तफरी मची रही ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना रेलवे स्टेशन मास्टर और उच्च अधिकारियों को दी,जिसके बाद रेल कर्मचारी मालगाड़ी पहिए को ठीक करने और रेलवे लाइन को दुरुस्त करने में जुट गए है काफी देर के बाद रेल यातायात सुचारू हो सका है।

## संपादक की कलम से

# दिल्ली में जल संकट गंभीर, लेकिन दूसरे राज्य भी अछूते नहीं

देश की राजधानी नई दिल्ली में जल संकट चिंता का विषय है। हालांकि देश के दूसरे राज्यों में भी आजकल पानी की भयंकर किल्लत जारी है, पंजाब एवं हरियाणा समेत चंडीगढ़ आदि में पानी का संकट लगातार बना हुआ है। बेशक, दिल्ली का मामला संवेदनशील है, क्योंकि इस प्रदेश के पास अपने जल स्त्रोत नहीं हैं, सिवाय यमुना नदी के। यमुना का पानी किसी भी प्रकार से न पेयजल के लिए उपयोगी है और न सिंचाई के लिए। दिल्ली अपने पड़ोसी राज्य हरियाणा पर निर्भर है, लेकिन गर्मियों में हरियाणा भी खुद जल संकट का सामना करता है।

गौरतलब यह है कि इस मामले को लेकर अब दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है और याचिका दायर कर दिल्ली को हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से और पानी दिलाने की मांग की है। निश्चित रूप से यह विषय राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में भी सर्वोपरि होगा, क्योंकि बगैर पानी के काम नहीं चल सकता। दिल्ली में जल संकट का असर व्यापक होता है, क्योंकि दिल्ली की आबादी लगातार बढ़ रही है और इस आबादी की जरूरत पूरी करने के लिए सरकार के पास जल संसाधन समुचित नहीं हैं।

सरकार की यह अदालत के समक्ष यह दलील कि भीषण गर्मी में दिल्ली में पानी की जरूरत बढ़ी है, सही है। हालांकि पंजाब एवं हरियाणा के बीच एसवाईएल नहर के निर्माण और सतलुज के पानी की मांग की तरह ही दिल्ली और हरियाणा के बीच भी तकरार का विषय बन चुका है। दिल्ली सरकार का आरोप है कि हरियाणा ने उसके हिस्से का पानी रोक लिया है। यह आरोप गंभीर है, लेकिन हरियाणा सरकार का भी तर्क है कि हरियाणा अपने हिस्से से भी कहीं ज्यादा पानी दिल्ली को दे रहा है। इन बातों में क्या सच है, क्या झूठ है, यह तो राजनीतिक समझें। हालांकि यह जरूर है कि दिनों दिन बढ़ती पानी की जरूरत को पूरा कर पाना राज्य सरकारों के लिए मुश्किल हो रहा है। ऐसा तब है, जब पानी के प्राकृतिक स्त्रोत सूख रहे हैं और पहले की तुलना में पानी की उपलब्धता बेहद कम होती जा रही है। हरियाणा की ओर से जब एसवाईएल का पानी मांगा जाता है, तब यही स्थिति बताई जाती है कि राज्य के अनेक इलाके सूखे की जद में हैं, वहीं पंजाब का तर्क भी यही होता है कि उसके पास देने को पानी नहीं है और उसके काफी भूभाग सूखे की चपेट में है।

गौरतलब है कि हरियाणा जैसे हरित प्रदेश में भी जल संकट पैदा होने लगे तो फिर यह पूरे देश की स्थिति का उदाहरण हो सकता है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आजकल पानी की भारी किल्लत हो गई है, पीने का जल मिलना मुश्किल हो गया है। दूर-दराज से पानी ढोकर लाने को मजबूर ग्रामीणों को फिर भी खारा पानी ही नसीब हो रहा है। राज्य के अनेक जिलों में भूजल सैकड़ों फीट नीचे जा चुका है। क्या यह स्थिति चिंताजनक और अलार्मिंग नहीं है। वास्तव में यह बेहद गंभीर विषय है और प्रदेश की जनता को इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि सरकार अपने तौर पर प्रयास कर रही है, लेकिन जनता का उसे समर्थन नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार ने तो धान की फसल की बजाय अन्य फसलों को उगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। लेकिन इन योजनाओं को राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जो नेता सरकार में रहते पानी बचाने की बात करते हैं, वे विपक्ष में रहते सरकार की ऐसी योजनाओं को किसानों की विरोधी करार देते हैं।

वास्तव में हरियाणा, दिल्ली समेत दूसरे राज्यों को जल संसाधनों के रख रखाव और उनके संवर्धन के लिए कार्य करना है। जैसे ही सर्दियों का मौसम आता है, पानी की जरूरत लगभग पूरी हो जाती है। लेकिन पानी एक सदैव प्रयोग में लाए जाने वाला द्रव्य है, जिसके बगैर मानवता का गुजारा नहीं हो सकता। क्या सरकारों को साल भर पानी बचाने और उसके संवर्धन के लिए काम नहीं करना चाहिए। यमुना नदी के प्रदूषण को खत्म करने की इतनी बातें हुई हैं, लेकिन यह अब भी प्रदूषित है। क्या हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए बदले हुए हालात में नए तौर तरीकों के साथ जीवन जीना नहीं सीखेंगे। गर्मियां इतनी प्रचंड होने लगी हैं, जमीनी पानी लगातार कम होता जा रहा है। वनों का कटाव जारी है, नदियों के रास्ते बदल दिए गए हैं। आखिर यह सब संकट मनुष्य ने खुद पैदा किया है, लेकिन वह क्षण कब आएगा, जब सभी मिलकर धरती और उस पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए ईमानदारी से कोशिश करेंगे।

## भारत की बढ़ती हिस्सेदारी

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और उत्पादन प्रक्रिया में भारत का हिस्सा बढ़ रहा है. इस मामले में चीन सिरमौर है, पर अनेक कारणों से बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन के साथ-साथ अन्य देशों में भी अपनी गतिविधियां बढ़ा रही हैं. कुछ कंपनियां चीन को छोड़ भी रही हैं. इसका सर्वाधिक लाभ भारत को होने की संभावना है. नोमुरा रिसर्च के मुताबिक, कंपनियों के भारत के प्रति आकर्षण का मुख्य कारण भारत का विशाल उपभोक्ता बाजार है. इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, विभिन्न प्रकार के संयंत्र एवं साजो-सामान, सेमीकंडक्टर असेंबली आदि के मामले में भारत की प्रगति तेजी से हो रही है. आर्थिक विकास की प्रक्रिया में ऐसा समय-समय पर होता है, जब उत्पादक विकसित देशों को छोड़कर विकासशील देशों का रुख करते हैं. ऐसे निर्णयों के पीछे सस्ता श्रम, संसाधनों की उपलब्धता, नियम-कानूनों में स्थायित्व एवं पारदर्शिता, राजनीतिक स्थिरता, ठोस सुधार प्रक्रिया, भू-राजनीतिक स्थिति जैसे कारण होते हैं.

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चीन का एक-चौथाई हिस्सा है. एक ही देश पर इतनी अधिक निर्भरता अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए एक आदर्श स्थिति नहीं है. साथ ही, महामारी के बाद मांग भी बढ़ने लगी है तथा अर्थव्यवस्था भी पटरी पर आ चुकी है. भारत में विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के साथ-साथ निवेश और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं. जनसांख्यिकीय लाभांश की स्थिति में होने के कारण यहां श्रम उपलब्धता भी अपेक्षाकृत बेहतर है. नोमुरा ने रेखांकित किया है कि भारत में निवेशकों को प्रारंभ में संयम रखने की आवश्यकता है, पर निकट भविष्य में अवसर बढ़ेंगे. कंपनियों और निवेशकों के आने से भारत के निर्यात में भी रिकॉर्ड वृद्धि का अनुमान है, जो 2023 में 431 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 835 अरब डॉलर हो सकता है.

हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इलेक्ट्रॉनिक्स का योगदान लगभग तीन प्रतिशत है, जो अनेक एशियाई देशों से बहुत कम है. केंद्र सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए अनेक प्रयास कर रही है, जिनमें उत्पादन से संबंधित प्रोत्साहन योजना प्रमुख है. इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हाल में एक व्यापक नीति लागू की गयी है. रक्षा उत्पादन में निवेश के नियमों में सुधार होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ी है. सौर ऊर्जा और दवा निर्माण भी ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि है. इन सभी क्षेत्रों में हाल के वर्षों में उत्साहजनक विकास हुआ है. संबंधित उत्पादों के लिए बहुत बड़ा घरेलू बाजार तो है ही, निरंतर बढ़ते निर्यात से यह इंगित होता है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत में निर्मित वस्तुओं के प्रति विश्वास बढ़ रहा है. ऐसे में विस्तार के प्रयास में लगी कंपनियों के लिए भारत पसंदीदा गंतव्य बन गया है.

# केरल में अतिथि माने जाते हैं प्रवासी कामगार

कुछ दिन पहले केरल में घोषित दसवीं कक्षा के नतीजों में शिवराज मोहिते का नाम विशेष उल्लेखनीय रहा. एनार्कुलम जिले में वेन्निकुलम के सेंट जॉर्ज स्कूल के छात्र शिवराज ने सभी विषयों में ए प्लस हासिल किया है. महत्वपूर्ण बात यह है कि वह महाराष्ट्र के सांगली जिले के प्रवासी माता-पिता की संतान है. उसने मलयालम भाषा में भी बहुत अच्छे अंक पाये हैं, जो स्कूल में पढ़ाई का माध्यम है.

उसके पिता कपड़े की एक दुकान में सेल्समैन है और दो दशक पहले यहां आ गये थे. तब उनकी शादी नहीं हुई थी. एक अच्छे निजी विद्यालय में उनके दोनों बच्चों को निशुल्क शिक्षा मिली है. उत्तर प्रदेश के एक प्रवासी कामगार की बेटी ने भी बहुत अच्छे अंक प्राप्त किया है. ऐसा उनके अपने गांव शायद संभव नहीं हो पाता, जहां लड़कियां दसवीं कक्षा तक पहुंच भी नहीं पाती हैं. केरल में माता-पिता बेटी की आगे की पढ़ाई के बारे में योजना बना रहा हैं.



इस लड़की की बड़ी बहन यहीं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है. एनार्कुलम जिले में 85 ऐसे छात्रों की सफलता जिला प्रशासन के समर्थन से चल रही रोशनी नामक पहल के कारण संभव हो सकी है. इसके तहत प्रवासी बच्चों को मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी की शिक्षा देने के लिए 90 मिनट की विशेष कक्षा लगायी जाती है. इसके लिए हिंदी, बांग्ला और उड़िया में दक्ष वॉलंटियरों की सेवा ली जाती है.

कामगारों के बच्चों की सफलता की कहानियां सैकड़ों की संख्या में हैं, जो स्थानीय भाषा में निशुल्क शिक्षा पाते हैं और आगे की पढ़ाई कर अच्छा करियर बनाते हैं. कुछ वर्ष पहले मलयालम साक्षरता परीक्षा में बिहार के एक प्रवासी कामगार परिवार की महिला ने राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया था. स्नातक परीक्षा में भी एक बार बिहार के ही प्रवासी कामगार की बेटी शीर्ष पर रही थी.

कोरोना महामारी के दौरान जब अनेक राज्यों से प्रवासी वापस अपने घरों को लौटने को मजबूर हुए थे, केरल में उन्हें राशन, आवास और चिकित्सा सेवा मुहैया करायी गयी, जिसके कारण उनके सामने वापसी की नौबत नहीं आयी. जनसांख्यिकीय बदलाव और आबादी की बढ़ती आयु के मामले में केरल देश के सभी राज्यों से बहुत आगे है.

जनसांख्यिकीय बदलाव और आबादी की बढ़ती आयु के मामले में केरल देश के सभी राज्यों से बहुत आगे है. यही वह राज्य भी है, जहां से बहुत पहले से अच्छी-खासी तादाद में लोग काम के लिए पश्चिम एशिया जाते रहे हैं. ऐसे विभिन्न कारकों के कारण प्रवासी कामगारों पर राज्य बहुत अधिक निर्भर है. केरल में लगभग 40 लाख प्रवासी कामगार हैं, जिन्हें अतिथि कामगार कहा जाता है. यह सब कहने भर की बात नहीं है.

यही वह राज्य भी है, जहां से बहुत पहले से अच्छी-खासी तादाद में लोग काम के लिए पश्चिम एशिया जाते रहे हैं. ऐसे विभिन्न कारकों के कारण प्रवासी कामगारों पर राज्य बहुत अधिक निर्भर है. केरल में लगभग 40 लाख प्रवासी कामगार हैं, जिन्हें अतिथि कामगार कहा जाता है. यह सब कहने भर की बात नहीं है. वर्ष 2021 में राज्य में अकुशल कामगार को दैनिक मजदूरी के तौर पर 709 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि तब राष्ट्रीय औसत केवल 309 रुपये था.

यहां कामगार विभिन्न प्रकार के काम करते हैं. अतिथि कामगारों की रोजगार संभावना बढ़ाने के लिए केरल में कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के कार्यक्रम भी चलाये जाते हैं. साथ ही, प्रवासी कामगारों के लिए निशुल्क आवाज स्वास्थ्य बीमा योजना भी उपलब्ध है. बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा और स्थानीय भाषा के साथ उन्हें जोड़ना बहुत महत्वपूर्ण है, जिसके बारे में पहले चर्चा की जा चुकी है. कामगारों का शोषण न हो, उन्हें असुरक्षित परिस्थिति में काम न करना पड़े तथा उन्हें समुचित पारिश्रमिक मिले, इन पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है.

अतिथि कामगारों के पंजीकरण के लिए व्यापक डेटाबेस बनाया गया है, जिससे योजनाएं बनाने तथा कल्याण कार्यक्रमों को लागू करने में मदद मिलती है. वर्ष 2021 में ओडिशा के कालाहांडी जिले में ग्राम विकास नामक संस्था के सर्वेक्षण में पाया गया था कि 26 प्रतिशत परिवारों के लोगों ने मौसमी अकुशल कामगार के रूप में केरल जाना चुना था, जहां उन्हें औसतन 12 हजार रुपये का वेतन हासिल हुआ था.

ओडिशा के अधिकतर प्रवासी कामगारों ने अपने गंतव्य के रूप में केरल को ही चिह्नित किया. देश के विभिन्न हिस्सों से काम करने के लिए केरल जाने की प्रक्रिया ने एक छोटी रेमिटैंस अर्थव्यवस्था खड़ी कर दी है. केरल में कमाई गयी राशि का एक हिस्सा ओडिशा, झारखंड, असम और बिहार जैसे कामगारों के गृह राज्य में आता है.

भारत में 50 लाख से अधिक प्रवासी कामगार हैं, जो अपने राज्य से बाहर काम करते हैं, जिनमें से 40 लाख केरल में हैं. आखिरकार, अर्थव्यवस्था के आकार तथा वृद्धि दर को देखते हुए केरल की ओर यह प्रवाह सीमित हो जायेगा. केरल की आमदनी में विदेशों में कार्यरत लोगों द्वारा भेजी गयी राशि का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत होता था, जो अब घटकर 15 प्रतिशत से भी कम हो गया है. राज्य के सामने आबादी की बढ़ती आयु, मैन्युफैक्चरिंग निवेश का अभाव, रोजगार की कमी, रियल इस्टेट की महंगाई जैसी चुनौतियां हैं.

ज्ञान से संबंधित उद्योगों को आकर्षित करने में केरल ने अच्छी सफलता पायी है, लेकिन शिक्षा एवं अन्वेषण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अभी बहुत कुछ करना शेष है. फिर भी प्रवासी यानी अतिथि कामगारों के साथ व्यवहार के मामले में केरल अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श उदाहरण है. कामगारों और उनके परिवार के कल्याण के लिए सरकार द्वारा बहुत कुछ किया जाता है, विशेषकर बच्चों की शिक्षा के संबंध में.

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में लगभग 45 करोड़ प्रवासी कामगार हैं, जो राज्य के भीतर या राज्यों के बीच आते-जाते रहते हैं

. यह प्रवासन मौसमी, चक्रीय या अर्द्ध-स्थायी हो सकता है. संविधान हमें आर्थिक अवसरों की तलाश के लिए देश में कहीं भी जाने का अधिकार प्रदान करता है. अपने क्षेत्र में काम या जीवनयापन के अवसरों की कमी की समस्या से मुक्त होने का महत्वपूर्ण विकल्प है. पर सभी अन्यत्र नहीं जा सकते, और बहुत कम लोग अपने पूरे परिवार के साथ जा सकते हैं.

भूमि स्वामित्व, विशेषकर छोटे पैमाने पर, वाले जमीन से बंधे रहते हैं. शारीरिक रूप से सक्षम ही दूसरी जगहों पर जा सकते हैं. इस प्रकार, प्रवासन उद्यम का सकारात्मक प्रतीक है और स्थानीय स्तर पर अवसरों के अभाव की प्रतिक्रिया भी है. अधिकतर पश्चिमी देशों में प्रवासन के विरुद्ध माहौल है क्योंकि इसे स्थानीय रोजगार को छीनने के रूप में देखा जा रहा है. केरल का उदाहरण स्थानीय समुदायों पर किसी नकारात्मक प्रभाव के बिना प्रवासियों की क्षमता के उपयोग का तौर-तरीका मुहैया कराता है. प्रवासी कामगार को अतिथि कामगार कहने की सच्ची भावना यही है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

## भीषण गर्मी का गहराता संकट

आजकल नौतपा के कहर और लू की भयावहता से लोग हर जगह परेशान हैं. नौतपा साल के सबसे गर्म नौ दिनों को कहते हैं, जिसका समय 25 मई से दो जून तक माना जाता है. इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं. हीटवेव या उष्ण लहर की तीव्रता में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिससे हर साल दुनिया भर में 1.53 लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं. जहां तक नौतपा का सवाल है, बीते 12 सालों में इस दौरान सबसे ज्यादा औसत तापमान 2018 में 43.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि 2019 में 43.7, 2015 में 43.2, 2012 में 42.7, 2014 में 42.3, 2013, 2017 और 2020 में 41.4, 2016 में 41.1, 2022 में 41, 2021 में 40.2, 2023 में 39.2 डिग्री सेल्सियस रहा.

ऐसा लगता है कि इस बार नौतपा का यह रिकॉर्ड भी टूटेगा. इस बार इसके जून माह के दूसरे हफ्ते तक रहने की आशंका व्यक्त की जा रही है. धरती का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह समूची दुनिया के लिए खतरनाक संकेत है. बीते नौ सालों ने तो धरती के सर्वाधिक गर्म होने का रिकॉर्ड कायम किया है. यह भी कि दिन-ब-दिन, महीने दर महीने, साल दर साल तापमान वृद्धि के रिकॉर्ड टूट रहे हैं.

आजकल देश का बड़ा हिस्सा झुलसा देने वाली गर्मी की भीषण चपेट में हैं. बिजली की मांग पूरी न होने के कारण फॉल्ट बढ़ रहे हैं और ट्रांसफॉर्मर जल रहे हैं. बिजली कटौती से मुश्किल और बढ़ रही है. मौसम विज्ञान विभाग ने अपने रेड अलर्ट में गर्मी से बचने और शरीर में पानी की कमी न होने देने की सलाह दी है. बर्लिन स्थित मर्केटर रिसर्च इंस्टीट्यूट इन ग्लोबल कॉमंस एंड क्लाइमेट चेंज का अध्ययन संकेत देता है कि आने वाले दिनों में तापमान में कमी की उम्मीद बेमानी है.

अध्ययन के अनुसार, धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के प्रयास बेहद कठिन हैं और यदि योजनाओं को पूरी तरह लागू भी कर दिया जाए, तो भी कार्बन की वार्षिक मात्रा 2030 तक 0.5 गीगाटन और 2050 तक 1.9 गीगाटन बढ़ेगी, जबकि 2050 तक कम से कम 3.2 गीगाटन कार्बन उत्सर्जन कम होना चाहिए. ऐसे में पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करना नामुमकिन है.

कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उल्फ बंटगेन का मानना है कि यह तब तक जारी रहेगा, जब तक कि हम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी नहीं करते. सिडनी विश्वविद्यालय के अध्ययन की मानें, तो धरती के गर्म होने के पीछे मंगल ग्रह है, जिसका गुरुत्वाकर्षण बल धरती को सूर्य की ओर खींचता है. जर्मन और स्विस वैज्ञानिक बढ़ते तापमान के लिए सागर के नीचे दबी मीथेन को एक बड़ा कारण मानते हैं. एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, 1945 में अरब सागर में 8.1 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया था.

उस समय समुद्र तल के नीचे गैस के एक विशाल भंडार में विस्फोट हुआ था. तब से करीब 74 लाख घनमीटर मीथेन बाहर निकली है. ह्यनेचरह्न पत्रिका की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वी साइबेरियाई सागर के तट से 50 अरब टन मीथेन निकली है. यह इलाका आर्कटिक महासागर का हिस्सा है और ग्लोबल वार्मिंग का सबसे ज्यादा असर यहीं हुआ है.

पिछले दस महीनों से लगातार धरती के तापमान में बढ़ोतरी से वैज्ञानिक चिंतित हैं कि हमारा ग्रह एक नये युग में प्रवेश कर रहा है.

उनकी चिंता यह भी है कि यदि साल के अंत में तापमान में गिरावट नहीं हुई, तो यह ग्रह किस दिशा में जायेगा, यह कहना बहुत मुश्किल है. तापमान में बढ़ोतरी के कारणों में अल नीनो भी है. साथ ही, ग्रीनहाउस गैसों और कार्बन का उत्सर्जन, सल्फर डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा, वनों का विनाश, जीवाश्म ईंधन का दहन आदि की भी भूमिका है. अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के विज्ञानियों के मुताबिक सदी के अंत तक अत्यधिक गर्मी से 1.5 करोड़ लोगों की मौत हो जायेगी.पिछले कुछ वर्षों में हीटवेव ने लगभग हर महाद्वीप को प्रभावित किया है. जंगल में आग लगने से हजारों लोगों की जान गयी है. जलवायु विशेषज्ञों के सर्वे की मानें, तो? वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ेगा. ऐसा होने पर बाढ़, विनाशकारी गर्मी और तूफान आयेंगे. डॉ हेनरी वाइसमैन का कहना है कि जलवायु परिवर्तन में डिग्री का हर दसवां हिस्सा बहुत मायने रखता है. उस स्थिति में आप सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को देखते हैं।

# पुणे की घटना व्यापक पतन का प्रतीक

एक किशोर द्वारा पुणे में देर रात कार से दो इंजीनियरों को कुचल कर मार देने की घटना के बारे में रोज चौंकाने वाली नयी नयी बातें सामने आ रही हैं. यह घटना हमारे समाज के बड़े पैमाने के पतन को दशार्ता है, जिसमें हम सभी शामिल हैं. ऐसी घटनाओं पर आंख बंद कर देना या चुप रहना भी एक तरह से इनको बढ़ावा देना है.



इस घटना में हम देखते हैं कि जिनसे हमें सहायता और रक्षा की आशा एवं अपेक्षा होती है, वे पीड़ित का साथ देने के बजाय पीड़ा पहुंचाने वालों के पक्ष में खड़े हो गये. जिन दो युवा इंजीनियरों की मृत्यु हुई है, उनके लिए न्याय की बात कोई नहीं कर रहा है. अब देखिये, एक अवयस्क है, जिसका धनी पिता उसे बेहद महंगी कार दे देता है. वह देर रात तेज गति से गाड़ी चलाता है. उससे पहले वह अपने दोस्तों के साथ शराब पीता है. वह बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार देता है. उसे प्रावधानों के अनुसार सजा होनी चाहिए थी. लेकिन हुआ क्या?

अस्पताल में उसके खून का सैंपल बदल दिया गया ताकि यह ना पता चले कि उसने शराब पी हुई थी. जो डॉक्टर इस काम में संलिप्त थे, उनमें से एक के बारे में बताया जा रहा है कि एक मंत्री और विधायक की सिफारिश पर उसकी नियुक्ति हुई थी. मामले को रफा-दफा करने में पुलिसकर्मी भी शामिल थे. ऐसा भी सुनने में आ रहा है कि कुछ नेताओं ने भी पैरवी की थी. रिपोर्टों के अनुसार, ड्राइवर को अपने उपत दोष लेने के लिए परिवार की ओर से दबाव बनाया जा रहा था, जिसमें माता, पिता और दादा शामिल थे.

पुलिस अंततः अपना एक फर्जी रिपोर्ट बनाती है और आनन-फानन में एक मजिस्ट्रेट फैसला दे देता है कि आरोपी किशोर एक निबंध लिखे और ट्रैफिक पुलिस के साथ कुछ दिन बिताये. वह मजिस्ट्रेट मामले की तह में जाने की कोई कोशिश नहीं करता और एक हास्यास्पद निर्णय दे देता है. इस घटनाक्रम और बाद के खुलासों एवं गिरफ्तारियों से यही पता चलता है कि भ्रष्टाचार और आपराधिक गठजोड़ की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी हैं.

कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश से त्रासद खबर आयी कि पुलिस के सामने एक बलात्कार पीड़िता की एंबुलेंस से गिरकर मौत हो गयी. वह अपने चाचा की लाश लेकर गांव लौट रही थी. पिछले साल उसके भाई की भी हत्या हुई थी. हाथरस में दो लड़कियों की कथित आत्महत्या और आधे रात को प्रशासन द्वारा पुलिस के घेरे में चुपके से उनका अंतिम संस्कार करा देने का मामला याद किया जाना चाहिए. ऐसी अनगिनत घटनाएं हैं.

यह तो हद ही हो गयी है कि लोग बिना किसी भय के अपराध कर रहे हैं, नियमों-कानूनों के साथ मनमर्जी कर रहे हैं और फिर इसे ढंकने के लिए किसी भी सीमा तक जाने के तैयार हैं यानी एक अपराध को छुपाने के लिए कई अपराध किये जा रहे हैं. ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने की जगह पुलिस, प्रशासन और न्यायालय परदा डालने में लगे हुए हैं. पुणे के मामला का खुलासा हो गया है, तो न्याय की कुछ उम्मीद बनी है, लेकिन ऐसे मामले हमारी समूची व्यवस्था और समाज के खोखलेपन को जाहिर करते है, जिस पर हमें समुचित ध्यान देना चाहिए हमारे समाज के समक्ष सबसे चिंताजनक संकट यह है कि हमारे सामने आदर्श नहीं हैं, जिनका अनुकरण किया जा सके. पुणे का यह किशोर अपने घर में अपने पिता और दादा को देखता होगा और उन्हीं के रास्ते पर चल पड़ा. पहले परिवारों में बच्चों को सिखाया जाता था कि जो अच्छे लोग हैं, उनकी तरह बनना, मेहनत करना. अब यह सब बदल गया है.

डॉक्टरों की गिरफ्तारी, पुलिसकर्मियों का निलंबन संतोषजनक है. आशा है कि उन्हें सजा भी मिलेगी. जिस मजिस्ट्रेट ने बिना सोचे-समझे फैसला दिया है, उच्च न्यायालय को उसका भी संज्ञान लेना चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए. ऐसा लगता है कि उक्त मजिस्ट्रेट ने पहले से छपे फैसले पर बस हस्ताक्षर कर दिया. यदि हमारी शासन व्यवस्था में ठोस सुधार नहीं हुए और आपराधिक लोगों को किनारे नहीं किया गया, तो इसके गंभीर नकारात्मक परिणाम देश को भुगतने होंगे तथा हमारी प्रगति अवरुद्ध हो जायेगी.

हमारे समाज के समक्ष सबसे चिंताजनक संकट यह है कि हमारे सामने आदर्श नहीं हैं, जिनका अनुकरण किया जा सके. पुणे का यह किशोर अपने घर में अपने पिता और दादा को देखता होगा और उन्हीं के रास्ते पर चल पड़ा. पहले परिवारों में बच्चों को सिखाया जाता था कि जो अच्छे लोग हैं, उनकी तरह बनना, मेहनत करना. अब यह सब बदल गया है. घर में जो बड़ा व्यक्ति दबंग है या उल्टे-सीधे तरीके से खूब धन बनाया है, तो बच्चों को उनसे आगे जाने की शिक्षा दी जाती है.

एक समय था, जब कहा जाता था कि साधन से साध्य का अच्छा या बुरा होना तय होता है. अब साधन पर ध्यान नहीं दिया जाता. उद्देश्य पूरा होना चाहिए, रास्ता चाहे जो हो. आज हम शक्ति, सत्ता और धन के पीछे भागने वाले समाज हो गये हैं. ह्यसमरथ को नहीं दोष गोसाईंह्न को हम चरितार्थ होते देख रहे हैं. यदि इस किशोर को उसके पिता और दादा यह सिखाते कि उसे उनकी तरह नहीं बनना है, एक अच्छा व्यक्ति बनना है, तो यह घटना नहीं होती. पर वे ऐसा नहीं कर सकते थे क्योंकि वे भी उस पतनशील समाज के हिस्से हैं, जहां धन और ताकत की पूजा होती है. बहरहाल, हमें एक न्यायपूर्ण और संवेदनशील शासन तथा समाज को गढ़ना होगा, तभी त्रासद घटनाओं से मुक्ति मिल सकेगी. (ये

# कमिश्नर ने डीआईजी के साथ देखी मतगणना की व्यवस्था

## कमिश्नर ने डीएम-एसपी को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष संपन्न कराने को मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का निरीक्षण किया।

रविवार को चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त व डीआईजी ने डीएम-एसपी के साथ 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के मतगणना स्थल पर मतगणना को मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा संचालन, पेयजल, शौचालय, कूलर, पंखे, आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश व्यवस्था आदि की जानकारी ली। आयुक्त ने डीएम से कहा कि मतगणना स्थल पर जो कार्य शेष हैं, तत्काल पूरे करायें। चार जून को मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर किसी भी कर्मचारी, एजेंट व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य किसी को भी मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा। अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार से कहा कि मतगणना स्थल को जो विद्युत वायर गई है, उसकी जांच कर लें, ताकि मतगणना दिन विद्युत व्यवस्था अबाध गति से जारी रहे। विद्युत वायरिंग का प्रमाण पत्र दिया जाए। उन्होंने डीएम से कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से मतगणना स्थल पर ओआरएस घोल की व्यवस्था समेत एम्बुलेंस व दवाओं की व्यवस्था रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना दिन बेडीपुलिया से यूपीटी तिराहा तक मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। बड़े व भारी वाहन का डायवर्जन बेडीपुलिया, शिवरामपुर होते हुए चित्रकूट की तरफ एवं कर्वी की तरफ किया गया है। जिन वाहनों से कर्मचारियों व एजेंटों का आवागमन होगा, उनके पास परिचय पत्र रहेगा। उनके पार्किंग की व्यवस्था मतगणना स्थल से पहले एवं पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में कराई गई है।


मतगणना की व्यवस्था देखते कमिश्नर व डीआईजी।

निरीक्षण दौरान एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, ईओ लालजी यादव, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रत्याशी हुए बेहाल, मतगणना अधिकारियों पर उठे सवाल, चुनाव बाद ईवीएम पर लगेंगे आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में सम्पन्न हुए मतदान की मतगणना चार जून को होनी है। मतगणना से पहले बांदा-चित्रकूट लोकसभा बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल खड़े कर मतगणना बाधित करने के आरोप लगाये हैं। उन्होंने बीएसए लव प्रकाश यादव, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार धर्मजीत सिंह व एसडीएम सदर सौरभ यादव पर मतगणना में गड़बड़ी के आरोप लगाये हैं। रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की देखरेख में जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुए हैं। मतगणना सकुशल संपन्न होगी, चुनाव आयोग व जिला प्रशासन मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं। ये चर्चा का विषय बना है। इस मामले में क्या सत्य है, ये तो जांच में पता चलेगा।

चुनाव नतीजे घोषित होने पर ईवीएम पर सवाल उठाये जायेंगे। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र समेत देशभर में चुनाव नतीजे पर ईवीएम सवालों के घेरे में खडी होगी। सत्ताधारी दल पर विपक्ष गंभीर आरोप लगा सकते हैं। हकीकत ये है कि आम जनता को जिस दल की सरकार बनाना होगा, वह जनता पहले ही मन बनाकर मताधिकार का प्रयोग कर चुकी है। परिणाम चार जून को मिलेंगे। जिले में राष्ट्रीय दलों समेत क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने जनता को गुमराह कर विकास के नाम पर दशकों तक लूटा है। विकास कार्य सिर्फ कागजों में दिख रहे थे, आज विकास के साथ खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। आम जनता का रुख साफ है कि चार जून को जीत का सेहरा किसके सिर पर बंधता है। कौन प्रत्याशी अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग की कार्यशैली व ईवीएम पर फोड़ता है।


शिविर में योग सीखती महिलायें।

## तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति ने योग शिविर में प्रशिक्षक श्रीमती मंजू केशरवानी, मनीष केसरवानी, माधुरी सिंह, सरोज जैन ने योग सिखाये। रविवार को योग शिविर में आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, घरेलू उपचार, आयुर्वेद की उपयोगिता, प्राकृतिक चिकित्सा, जल नीति, नेत्र प्रक्षालन, कुंजन क्रिया के बारे में बताया। शिविर में पदम सिंह, रामेश्वरी, किरण, लता, ममता, मंजू, मीणा, मधू, अर्पण, सुनीता, रामकली, मीरा, माया, निशा, सविता समेत एक सैकड़ा बहनें हिस्सा ले रही हैं। ये तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर तुलसी पार्क में सवेरे पांच से सात बजे तक चलता है। एक से तीन जून तक शिविर चलेगा।

## मऊ पुलिस ने दो के कब्जे से 48 बीयर केन बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ की अगुवाई में दरोगा रामकृत यादव की टीम ने शेषनारायण पुत्र रामहर्ष भटरी थाना राजापुर, रवि तिवारी पुत्र जगतनारायण तिवारी इटवां थाना रैपुरा को 24-24 बीयर केन समेत गिरफ्तार किया। थाने में इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रामकृत यादव, दरोगा यूटी अभिनव प्रताप सिंह व दरोगा यूटी दिव्यांस पाण्डेय शामिल रहे।


बीयर समेत दो दबोचे।

# ज्येष्ठ माह की अमावस्या सम्पन्न कराने को प्रशासन ने कसी कमर, कमिश्नर-डीआईजी ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीआईजी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में ज्येष्ठ माह की अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने बाबत लोनिवि विश्राम गृह में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि छह जून को अमावस्या है। ये मेला पांच से सात जून तक चलेगा। मेला के मद्देनजर तीन जोन व 12 सेक्टर में बांटा है। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये हैं। पर्याप्त पुलिस बल लगाया है।

रविवार को कमिश्नर ने एक्सईएन सिंचाई से कहा कि मंदाकिनी नदी रामघाट पर बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव की व्यवस्था रहे। डीआईजी ने कहा कि गोताखोर के नाम मोबाइल नंबर भी पुलिस के नोडल अधिकारी को दें। आयुक्त ने एक्सईएन जल संस्थान से कहा कि भीषण गर्मी पर परिक्रमा मार्ग रामघाट समेत सभी पार्किंग स्थलों पर टैंकर से पेयजल सुलभ करायें। नगर पालिका ईओ से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था करें। विद्युत जाने पर जनरेटर रहना चाहिए। रामघाट, यूपीटी तिराहा, परिक्रमा मार्ग, खोही पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम समेत खोया-पाया केंद्र बनाया जाये। सीसीटीवी कैमरा सही ढंग से काम करे। रामघाट में चेंजिंग रूम बनाया जाये। सभी कार्यों को कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर सूची एडीएम को दें। परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर प्याऊ भी लगायें। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। सभी प्वाइंटों पर तैनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था बनायें। मेला को सकुशल संपन्न करायें। पार्किंग की दरें सभी वाहनों की निर्धारित हैं। उसी आधार पर वसूली करायें। प्राइवेट पार्किंग किसी भी दशा में नहीं चलेगी। मेला दौरान जीआरपी रेलवे से ट्रेन में यात्रियों की भीड़ बाबत जानकारी लें। यातायात प्रभारी से कहा कि सभी पार्किंग स्थलों पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश, टेंट आदि व्यवस्था होनी चाहिए। पार्किंग स्थलों पर विद्युत तार आदि देख लें। आयुक्त ने अभिविहीत अधिकारी को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग परिक्रमा मार्ग की जलेबी वाली गली व रामघाट समेत पूरे मेला क्षेत्र में करें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि रामघाट व परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था देख लें, विद्युत तार-पोल को देखा जाये। विद्युत व्यवस्था अबाध गति से मेला में जारी रहे। एसीएमओ से कहा कि स्वास्थ्य कैंप, एम्बुलेंस, चिकित्सा दवाओं समेत ओआरएस घोल की व्यवस्था कर लें। एआरएम रोडवेज से कहा कि रेलवे स्टेशन से यूपीटी तक रोडवेज बसें चलाई जायें। स्टेशन मास्टर से ट्रेनों के समय की जानकारी कर लें। यातायात प्रभारी से कहा कि टैम्पो, टैक्सी, ई-रिक्शा पर ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। फायर सर्विस भी तैनात रहे। ट्रैफिक जाम होने पर कोई गाड़ी रास्ते में खराब होती है तो क्रेन की व्यवस्था रखें। एसडीएम व सीओ से कहा कि मेला के पहले सभी व्यवस्थायें देख लें। मप्र के अधिकारियों से तालमेल बना लें। कंट्रोल रूम से दोनों प्रांतों से श्रद्धालुओं की भीड़ का आदान-प्रदान करते रहें। आयुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि मतगणना के तत्काल बाद मेला होना है, सभी अधिकारी दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करें। मेला को सकुशल संपन्न करायें। जिलाधिकारी ने चैकी प्रभारी सीतापुर व खोही से कहा कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम से प्रचार-प्रसार करायें। भीषण गर्मी में श्रद्धालु पूर्वान्ह 11 से शाम चार बजे तक परिक्रमा न करें। डीएसओ से कहा कि जलेबी वाली गली की दुकानों पर छापामार कार्यवाही करायें।


मेला सम्पन्न कराने को बैठक में निर्देश देते कमिश्नर।

बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, सीओ सिटी राजकमल, एसीएमओ डॉ एमके जतारिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# बाहरी श्रद्धालुओं को मिले स्वच्छता का एहसास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत 117वें कामदगिरि स्वच्छता समिति अभियान में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चला।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता के महत्व को समझें। अपने आसपास सफाई रखें। पर्यावरण को साफ रखने मेंयोगदान दें। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता से कामतानाथ परिक्रमा स्वच्छ व सुंदर बने, यही लक्ष्य लेकर लगातार जन जागरूकता से ये स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।


सफाई करते समिति के लोग।

कामतानाथ परिक्रमा हमेशा अव्यवस्थाओं से बाहर आये। बाहरी तीर्थ यात्रियों को परिक्रमा मार्ग सुन्दर-स्वच्छ मिले। भगवान श्रीराम ने साढे 11 वर्ष यहां वनवास बिताया था। ये पर्वत हिंदू समाज के लिए पूजनीय है। कामतानाथ पर्वत साफ-स्वच्छ रहे, इसी लक्ष्य के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कुछ परेशानियां हैं, जिन्हें प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर दूर कराने के प्रयास किये जायेंगे। अभियान में जिला प्रबंधक शिवा कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, अंकुर केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, वन विभाग से रसूल बख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, विजय कुमार, रामसिया व नगर पालिका टीम ने सहयोग किया।

## करंट से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के पियरियामाफी गांव के सुरिज कुमार प्रजापति (22) पुत्र सुखलाल की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में सीएचसी मऊ लेकर आये। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। वह घर में कूलर चलाने को बोर्ड में प्लग लगा रहा था।

# शराब पीकर गाडी चलाने वाले दो दबोचे

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधे घंटे किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शनिवार की रात साढे नौ बजे यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह टीम के साथ बस स्टैण्ड पर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रीथ एनालाइज से जांच कर रहे थे। जांच दौरान स्विफ्ट कार यूपी70बीएफ-5310 पर सवार चालक व सहयोगी की ब्रीथ एनलाइजर से जांच करने के प्रयास किये गये। युवकों ने यातायात प्रभारी का विरोध कर धक्का-मुक्की शुरू कर दी।

शनिवार की रात ये हंगामा बस स्टैण्ड पर हुआ। बताया गया कि युवक रोहित द्विवेदी व महेश श्रीवास ने यातायात प्रभारी से गाली-गलौज व धक्का-मुक्की कर बीच सड़क पर ड्रामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस दोनों युवकों को कोतवाली लाई। प्रभारी यातायात ने स्विफ्ट कार सीज किया। 29 हजार रुपये का ई-चालान किया। युवकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। एलकोहल पिये मिले। घटना बाबत यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में रोहित द्विवेदी पुत्र चन्द्रकान्त द्विवेदी चैकी सीतापुर व महेश श्रीवास पुत्र कुंजीलाल चन्द्रगहना के खिलाफ सरकारी कार्य में दखल, मारपीट, गाली-गलौज का मामला दर्ज हुआ। कोतवाली कर्वी पुलिस ने आरोपियों का डॉक्टरी परीक्षण कराया। परीक्षण में शराब के सेवन की पुष्टि हुयी।


हाईवे पर ड्रामा करते युवक।

## चोरी-विद्युत अधिनियम के चार वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी राज सिंह पुत्र राजकुमार यादव, ओमप्रकाश पुत्र इन्द्रपाल नहरा व जियालाल पुत्र स्व सुकरू निषाद अमवां को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, दरोगा यूटी शिवम कनौजिया, सिपाही राहुल पुरी शामिल रहे। इसी क्रम में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी की टीम ने घर में घुसकर चोरी व माल बरामद के वारंटी सुकरू पुत्र भगवानदीन रानीपुरभट्ट को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह, महिला सिपाही राखी व पल्लवी शामिल रही।

# भगवान के नाम मात्र से भवसागर से पार होता है व्यक्तिः नवलेश दीक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कर्म स्थली में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास भागवत रत्न नवलेश दीक्षित ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने -अनजाने प्रतिदिन कई पाप करता है। ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है।

रविवार को उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आवाहन किया। स्थानीय भूतड़ों की गली में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताये आदर्शों को सुनने व सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक से श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यास पीठाधीश्वर ने रविवार को भागवत कथा दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है।


कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने, अपने जीवन को सार्थक करने का आवाहन किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत भजनों पर श्रोता भावविभोर होकर नाचने लगे। किला बाग सीतापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक नवलेश दीक्षित महाराज ने कहा कि वैराग्य मानव को ज्ञानी बनाता है। वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। वाराह अवतार समेत अन्य प्रसंगों पर प्रवचन किये। यजमान गिरजा शंकर पांडे, धर्मपत्नी सुशीला देवी ने पूजा-अर्चना की। कथा व्यास ने भक्त नरसी मेहता के जन्म, श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति समेत अन्य प्रसंगों पर प्रवचन किये।

# अनहोनी का इंतजार कर रहा विद्युत विभाग

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के चिल्लीराकस गांव के यादव पुरवा तालाब से होकर सरधुवा विद्युत केंद्र को जाने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन की तार जमीन से पांच फुट ऊंचाई पर झूल रही है। नीचे गलती से कोई जानवर या इंसान निकले तो उसकी मौत तय है। विभाग के कर्मचारी अनहोनी का इंतजार कर रहे है। रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि फोन से जिम्मेदार अधिकारियों तक ये शिकायत की गई है। विद्युत विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। विभाग की लापरवाही से चिल्लीराकास के यादव पुरवा से चंद कदम दूर स्थित तालाब के पास से गुजर रही 33 हजार हाईटेंशन तार लोगों के लिए खतरे का सबब बनी है। जमीन पर झूल रही हाईटेंशन तार के आसपास खेती-किसानी करने वाले लोगों का आवागमन होता है। तार इतने नीचे है कि कोई जानवर पहुंच जाये तो मौत तय है। विद्युत विभाग ने समय रहते तार ठीक नहीं किया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# विभिन्न मामलों के छह वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने घर में घुसकर बलबा, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी बबलू उर्फ महेंद्र प्रताप पुत्र स्व रामेश्वर, मुलायम यादव पुत्र रामनरेश उर्फ राजनरेश निवासी बरुई पहरा व लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के वारंटी राजकुमार प्रजापति पुत्र रामआसरे कुम्हारन पुरवा मजरा पहरा, चोरी व माल बरामद के वारंटी कल्लू यादव उर्फ फूलचंद्र पुत्र ओम प्रकाश यादव भीषमपुर मजरा पहरा, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी धर्मेन्द्र पाण्डेय पुत्र जगदम्बा प्रसाद टिटिहरा को गिरफ्तार किया। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा बालकिशुन, दरोगा यूटी उत्कर्ष कुमार सिंह, सिपाही सतीश, संदीप लोधी शामिल रहे।



इसी क्रम में भरतकूप थाने के दरोगा अजहर जमाल ने जानलेवा हमले के वारंटी मिठाईलाल पुत्र रामलाल करारी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अजहर जमाल व सिपाही सत्येन्द्र सिंह शामिल रहे।

## हार्ट अटैक से सफाई कर्मी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के खजुरिहाखुर्द गांव के सफाई कर्मचारी सुमित्रा पत्नी शिवकुमार सवेरे भैंस को चारा डालते समय अचानक गिर गई। उसकी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। वह ब्लाक के भखरवार गांव में तैनात थी।

# छात्रा से तीन मनचले करते हैं छेडखानी, पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नाबालिग छात्रा को तीन मनचले आये दिन रास्ते में छेड़खानी करते हैं। छात्रा का मोबाइल छीनकर फोटो निकालकर अश्लील फोटो एडिट कर ब्लैकमेल किया जा रहा है। ये मामला है पुलिस चैकी खोही का। बताया गया कि 11वीं पढने वाली छात्रा को आते-जाते तीन लड़के पीछा करते हैं। छात्रा के बस से उतरने के बाद छेड़खानी करते हैं। छात्रा ने खोही पुलिस चैकी में शिकायत की। कोई सुनवाई न होने से पीड़ित छात्रा की मां-भाई पूर्वान्ह 11 बजे कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाने को शाम चार बजे तक बैठे रहे। छात्रा की रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। छेड़छाड़ का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। देखा जा सकता है कि मनचला लड़का किस तरह जबरदस्ती लड़की की स्कूटी में बैठकर छेड़ रहा है। तीन लड़कों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में तहरीर दी गई ह। मुख्य आरोपी का गांजा का अवैध कारोबार है। खोही पुलिस से जान-पहचान है। पुलिस की ये लापरवाही कहीं बडी घटना को अंजाम न दे दे।

# तुर्की के शहर इस्तांबुल में अपार्टमेंट की इमारत ढही, एक की मौत, 8 घायल

**इस्तांबुल :** तुर्की के शहर इस्तांबुल में रविवार को एक अपार्टमेंट की इमारत ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ घायल हो गए. इमारत के गिरने से भूकंप की आशंका वाले शहर में कई तरह की आशंकाएं फिर से पैदा हो गई हैं. टीवी पर दिखाई गई तस्वीरों में शहर के यूरोपीय हिस्से में कुकुकसेकमेस में ढही पांच मंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मी हाथ से मलबा हटाते हुए दिखाई दे रहे हैं.



इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने घटनास्थल का दौरा करते हुए बताया कि मलबे से शुरूआत में सात लोगों को निकाला गया, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं. बाद में उनके कार्यालय ने बताया कि एक और घायल व्यक्ति को बचा लिया गया तथा एक शव बरामद किया गया. साथ ही कहा गया है कि 36 साल पुरानी इमारत सुबह 8:40 बजे ढह गई. हालांकि इमारत के गिरने का कारण तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन विस्फोट या भूकंपीय गतिविधि का कोई संकेत नहीं मिला है. केवल ऊपर की दो मंजिलों का उपयोग आवास के रूप में किया जा रहा था, जबकि इमारत का बाकी हिस्सा व्यवसाय के लिए उपयोग में था.

सड़क के दूसरी ओर लगे कैमरे से ली गई तस्वीरों में दिखाया गया है कि ढहने के समय सार्वजनिक मिनी बस में चढ़ने के लिए इंतजार कर रहे यात्री गिरते मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए. पिछले साल दक्षिणी तुर्की और पड़ोसी सीरिया के कुछ हिस्सों में 7.8 तीव्रता के भूकंप में 59,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे. इस आपदा ने तुर्की में भवन निर्माण नियमों के खराब क्रियान्वयन को उजागर किया था. इस्तांबुल, जिसकी आधिकारिक आबादी 16 मिलियन है, उत्तरी एनाटोलियन फॉल्ट के पास स्थित है. शहर के दक्षिण में केंद्रित 1999 के भूकंप में कम से कम 18,000 लोग मारे गए थे. नगरपालिका ने कहा है कि 3 मिलियन लोगों के रहने की जगह वाली 200,000 इमारतें हैं जिन्हें तत्काल सुधार की आवश्यकता है.

# हमास और इजरायल से कतर, मिस्र और अमेरिका की युद्ध समाप्त करने की अपील

**दोहा।** कतर, अमेरिका और मिस्र ने संयुक्त रूप से जारी किए गए एक बयान में हमास और इजरायल से अमेरिकी प्रस्ताव पर एक समझौते को अंतिम रूप देने का आह्वान किया है। कतर के विदेश मंत्रालय ने ये संयुक्त बयान जारी किया है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल और हमास बातचीत करें।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया, "सभी पक्षों की मांगों को एक ऐसे समझौते में लाया गया है, जो दोनों के हितों की पूर्ति करता है। गाजा में पीड़ित लोगों के साथ-साथ बंधकों और उनके परिवारों दोनों को तत्काल राहत पहुंचाएगा।"

इसमें कहा गया, "यह सौदा स्थायी युद्ध विराम और संकट को समाप्त करने के लिए एक रोडमैप है।"



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव का खुलासा किया था, जिसके तहत गाजा संघर्ष को समाप्त किया जाएगा और सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस बीच, वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि जेरिको के दक्षिण में अकाबत जाबेर शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी लड़के की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली सेना ने शिविर पर धावा बोला और शिविर में पश्चिमी कब्रिस्तान के पास दो लोगों पर गोली चलाई।

बाद में, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने शनिवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे दक्षिणी चेकपॉइंट पर 15 साल के एक लड़के का शव मिला। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया।

## बिहार से सटे भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ की नकदी के साथ युवक गिरफ्तार

**काठमांडू।** बिहार से सटे भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ रुपये की नकदी के साथ एक मुस्लिम युवक की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ गई है। नेपाल पुलिस आतंकी फंडिंग के ऐंगल से इस मामले जांच कर रही है।

नेपाल के सुनसरी सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि सुनसरी जिले के एक नाका से शनिवार रात को एक कार से इरसाद अंसारी नामक युवक को एक करोड़ एक लाख रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। सुनसरी के हरिनगर से बिहार के सुपौल जिले की तरफ जा रहे कार को जांच के लिए रोका गया तो उसमें से दो झोले में भरे हुए नोट मिले। दोनों झोले नेपाली 1000 के नोटों की गड्डी से भरे हुए थे।

प्रारम्भिक जांच में इरसाद ने यह रकम हवाला का होने की बात कही है। उसने बिहार के सुपौल जिले का वह पता भी बताया जहां यह नकदी पहुंचाई जानी था। उसके बयान के आधार पर जब भारतीय सीमा सुरक्षा बल के साथ समन्वय कर पता लगाया गया तो उस पर शक और अधिक गहरा गया।

नेपाल पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद कहा कि भारत में लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के दिन किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए यह रकम भेजी जा रही थी। सशस्त्र प्रहरी बल ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच का काम नेपाल पुलिस के विशेष ब्यूरो को सौंपा है।


## मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान आज, देश को मिल सकती हैं पहली महिला राष्ट्रपति

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में रविवार को राष्ट्रपति का चुनाव हो रहा है। जिसमें लोकप्रिय राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर (एएमएलओ) के उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए मतदान होगा। उम्मीदवारों की बड़ी संख्या के बीच यहूदी महिला दावेदार क्लाउडिया शीनबाम, विपक्ष की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार जोचिटल गैल्वेज, जॉर्ज अल्वारेज मेनेज प्रमुख दावेदारों में हैं। खास बात यह है कि पहली बार किसी महिला उम्मीदवार के राष्ट्रपति बनने की प्रबल संभावना है।

महिलाओं को 70 साल पहले मताधिकार मिला लेकिन सत्ता के शीर्ष पर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अबतक नहीं हो पाई है। पुरुष वादी राजनीति करने वाली संस्थागत क्रांतिकारी पार्टी (पीआरआई) की साल 2000 तक गहरी पकड़ रही। इसके बाद से चार अन्य पुरुष राष्ट्रपति बने। लेकिन इसबार दो प्रमुख महिला उम्मीदवारों के उभर कर सामने आने से मेक्सिको की राजनीतिक तस्वीर बदल सकती है।

## छांग'अ-6 ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर नमूना संग्रह मिशन किया लॉन्च

**बीजिंग:** छांग'अ-6 रविवार सुबह चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर अंटार्कटिक-ऐटकेन बेसिन पूर्व-चयनित लैंडिंग क्षेत्र पर सफलतापूर्वक उतरा, जिसने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर मानव जांच द्वारा किया गया पहला नमूना संग्रह मिशन लॉन्च किया.



सीएनएसए ने कहा कि लैंडर-एसेंडर संयोजन 30 मई को ऑर्बिटर-रिटर्नर संयोजन से अलग हो गया. वह धीरे-धीरे चंद्रमा की सतह के करीब पहुंच गया. चंद्रमा की सतह पर बाधाओं का पता लगाने के लिए लेजर 3डी स्कैनर का उपयोग किया जाता है. चंद्रमा पर मानव अन्वेषण के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है. 3 मई को कक्षा में लॉन्च होने के बाद से छांग'अ-6 जांच ने पृथ्वी-चंद्रमा स्थानांतरण, निकट-चंद्रमा ब्रेकिंग और चंद्रमा की परिक्रमा जैसी प्रमुख गतिविधियों के बाद चंद्रमा की लगभग 30 दिनों की यात्रा का अनुभव किया है.

इसने एक 'अद्भुत लैंडिंग' पूरी की जिसने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया. चंद्रमा के सामने वाले हिस्से पर उतरने की तुलना में चंद्रमा के पिछले हिस्से पर उतरना एक महत्वपूर्ण कदम है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बोइंग स्टारलाइनर की अंतरिक्ष उड़ान तकनीकी कारणों से रद्द, फिर से उड़ान भरने की तैयारी

**वाशिंगटन:** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स को लेकर जाने वाले बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की पहली मानव चालक दल वाली उड़ान अमेरिका के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरने से कुछ मिनट पहले ही रद्द कर दी गई. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार उड़ान से भरने से 3 मिनट और 50 सेकंड पहले इसमें तकनीकी कमियां सामने आई. इन तकनीकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है. नासा के अनुसार सबकुछ ठीक रहा तो रविवार को एक बार फिर से इले लॉन्च करने का प्रयास किया जाएगा.



नासा ने शनिवार को अपने प्रसारण में कहा, 'ग्राउंड लॉन्च सीक्वेंसर के स्वचालित होल्ड के कारण टीमों ने बोइंगस्पेस के स्टारलाइनर क्रू फ्लाइट टेस्ट के लिए शनिवार के लॉन्च प्रयास को रद्द कर दिया.' ग्राउंड लॉन्च सीक्वेंसर वह कंप्यूटर है जो रॉकेट को लॉन्च करने के लिए कहता है. एजेंसी ने रविवार के लिए एक बैकअप लॉन्च प्रयास निर्धारित किया.

यदि एटलस वी रॉकेट का संचालन करने वाली यूनाइटेड लॉन्च अलायंस यह निर्णय लेती है कि शनिवार के प्रयास में बाधा उत्पन्न करने वाली समस्या का समाधान हो गया है, तो प्रक्षेपण दोपहर 12:03 बजे हो सकता है. नासा ने बुधवार और गुरुवार को अतिरिक्त प्रक्षेपण अवसर भी निर्धारित किए हैं.

केप कैनावेरल में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोइंग के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रबंधक मार्क नप्पी ने कहा,'जब स्टारलाइनर को भू-विद्युत से आंतरिक विद्युत पर स्थानांतरित किया गया, तो वोल्टेज में मामूली वृद्धि हुई. इससे केबिन के पंखे बंद हो गए जो अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल में उनके स्पेससूट में बैठे हुए ठंडा रखते हैं.

भारतीय मूल की सुनीता और विलियम्स बुच विल्मोर (अढ)

रिपोर्ट के अनुसार नप्पी ने कहा, 'वे उन्हें शीघ्रता से पुनः चालू करने में सक्षम थे. बोइंग अधिकारी ने कहा, 'कल या जब भी हम अपना अगला प्रक्षेपण प्रयास करेंगे, हम इसका पता लगा लेंगे. उन्होंने आगे कहा, 'यह वह इस प्रयास में लगे हुए हैं. सब कुछ ठीक से काम करना चाहिए. नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हालांकि स्टारलाइनर योजना के अनुसार प्रक्षेपित नहीं हुआ, लेकिन 'हम आज वास्तव में बहुत करीब पहुंच गए।

यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के अध्यक्ष टोरी ब्रूनो ने कहा, 'यदि समस्या आज रात को ठीक हो जाती है, तो स्टारलाइनर रविवार को 12:03 अपराह्न लॉन्च हो सकता है. यदि ऐसा नहीं होता है, तो अगला लॉन्च प्रयास 5 जून और 6 जून को होगा. ब्रूनो एटलस 5 रॉकेट स्टारलाइनर का निर्माण किया है। स्टारलाइनर की पहली परीक्षण उड़ान नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स और बैरी 'बुच' विल्मोर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजेगी. यहां वे लगभग एक सप्ताह तक रहेंगे और यह परीक्षण करेंगे कि अंतरिक्ष यान मनुष्यों के साथ कैसे काम करता है. आईएसएस (करर ) में वर्तमान में सात अंतरिक्ष यात्री पहले से ही सवार हैं।

बोइंग स्टारलाइनर प्रक्षेपण

क्रू फ्लाइट टेस्ट नामक यह मिशन, नासा से मंजूरी प्राप्त करने की दिशा में एक कदम होगा, जिससे बोइंग के अंतरिक्ष यान को नियमित परिचालन के लिए तैयार माना जा सकेगा. यह प्रक्षेपण नासा के 'वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम' का हिस्सा है. इसके तहत नासा द्वारा वर्ष 2011 में अपने अंतरिक्ष शटल कार्यक्रम को बंद करने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने के लिए अंतरिक्ष यान विकसित करने हेतु बोइंग और स्पेसएक्स का चयन किया गया.

बोइंग को स्टारलाइनर विकसित करने के लिए अमेरिकी फेडरल फंड से 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक प्राप्त हुए, जबकि स्पेसएक्स को लगभग 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए. एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स कंपनी के क्रू ड्रैगन ने 30 मई, 2020 को अपने पहले प्रक्षेपण के बाद से आईएसएस के लिए 12 क्रू मिशन पूरे किए हैं.

बोइंग के स्टारलाइनर को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा है. दिसंबर 2019 में इसका पहला उड़ान मिशन, स्टारलाइनर बिना चालक दल के अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया था. उस समय इसमें कुछ समस्याएं आई. इसी तरह 2021 में इसका दूसरा प्रयास भी बिना चालक दल के विफल रहा, लेकिन मई 2022 में एक सफल बिना चालक दल के परीक्षण उड़ान पूरी की।

## साउथ अफ्रीका में तीन दशकों से चला आ रहा एएनसी का प्रभुत्व खत्म, मंडेला की पार्टी बहुमत से चूकी, गठबंधन सरकार के आसार

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के चुनावी इतिहास में बीते तीस वर्षों में पहली बार अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसदीय चुनाव में बहुमत नहीं मिला। बुधवार को हुए चुनाव के लिए करीब 99.8 फीसदी मतों की गणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40 फीसदी मत मिले हैं, जो बहुमत से कम हैं। मौजूदा राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार बहुमत खोया। देश के चुनाव आयोग (आईसीसी) के मुताबिक बुधवार को डाले गए मतपत्रों के 99.8 फीसदी की गणना पूरी हो चुकी है। जिसमें एएनसी को 40 फीसदी वोट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से मुक्त कराने वाली पार्टी के साथ पिछले तीस साल में पहली बार ऐसा हो रहा है।

साउथ अफ्रीका के चुनाव आयोग ने अभी तक अंतिम परिणाम जारी नहीं किया है, लेकिन बहुमत के लिए 50 फीसदी मतदान के आंकड़े पर एएनसी नहीं पहुंच सकती है। इसकी वजह यह है कि 99 फीसदी मतों की गिनती हो चुकी है। चुनाव आयोग के मुताबिक आज यानी रविवार को तक पूरी तरह से परिणाम घोषित किए जा सकते हैं।

अबतक की गणना में डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) को 22 फीसदी और पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की पार्टी उम्खोंटो वी सिजवे (एमके) ने करीब 15 फीसदी मत हासिल किए। इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) का हिस्सा घटकर 9 फीसदी रह गया। संसदीय चुनाव में 50 से अधिक दलों ने हिस्सा लिया था।

इस परिणाम के बाद साउध अफ्रीका में तीन दशक से एएनसी का चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया है लेकिन संसद में बहुमत हासिल नहीं होने के बावजूद एएनसी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। एएनसी को दोबारा सरकार बनाने और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को दोबारा चुनने के लिए गठबंधन का सहारा लेना होगा। राष्ट्रीय चुनाव के बाद साउथ अफ्रीका की संसद राष्ट्रपति का चुनाव करती है।

## अमेरिका के बार में गोलीबारी, 2 की मौत, 7 घायल

**पेन हिल्स (अमेरिका) :** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थम नहीं रही हैं. उपनगरीय पिट्सबर्ग में एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेघेनी काउंटी पुलिस विभाग की एक इकाई ने कहा कि उसने पेन हिल्स में बॉलर्स हुक्का लाउंज और सिगार बार में सुबह हुई गोलीबारी के बाद पेन हिल्स पुलिस विभाग द्वारा मदद के अनुरोध का जवाब दिया है। प्रथम प्रतिक्रियाकताओं को रविवार सुबह लगभग 3 बजे बार के अंदर एक वयस्क पुरुष और वयस्क महिला के शव मिले. सात अतिरिक्त पीड़ित पाए गए. एलेघेनी काउंटी पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, कुछ को घटनास्थल से ले जाया गया और अतिरिक्त पीड़ितों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। पीड़ितों में से एक की हालत गंभीर है. बयान में कहा गया है कि शेष सभी पीड़ितों को ऐसी चोटें थीं जो जीवन के लिए खतरा नहीं थीं. काउंटी पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि बार के अंदर झगड़ा हुआ और कई लोगों ने गोलीबारी की. बयान में यह नहीं बताया गया कि कोई संदिग्ध हिरासत में है या नहीं. पुलिस ने घटना के संबंध में नागरिकों से भी जानकारी मांगी है।

# तालिबान ने कहा, बेशाम में हुए हमले से हमारा कोई संबंध नहीं

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के बेशाम शहर में चाइनीज इंजीनियरों को ले जा रही बस पर मार्च में आतंकी हमला हुआ था। तालिबान का कहना है कि उसका इस हमले से कोई संबंध नहीं है। साथ ही हमले की जांच में तालिबान ने पाकिस्तान की मदद से भी इनकार कर दिया है।

काबुल ने कहा, "26 मार्च को हुए आतंकी हमले से हमारा कोई संबंध नहीं है, जिसमें पांच चाइनीज इंजीनियर मारे गए थे।"

अफगान तालिबान ने बेशाम हमले की चल रही जांच में मदद के लिए इस्लामाबाद के अनुरोध को भी ठुकरा दिया है।

अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा, "पाकिस्तान काबुल और बीजिंग के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रहा है। बेशाम में हुए हमले का अफगानिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करनी चाहिए।"



उन्होंने कहा कि चीन के नागरिकों को निशाना बनाना पाकिस्तान का मामला है। इसका अफगानिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट चीन और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश है। हमने बार-बार इसका खंडन किया है। पाकिस्तान ने कहा था कि अफगान प्रशासन जांच को आगे बढ़ाने के लिए इस्लामाबाद के साथ सहयोग करने और काम करने के लिए तैयार है। पाक के इस बयान के 24 घंटे के भीतर काबुल ने यह प्रतिक्रिया दी।

इससे पहले, पाकिस्तान के आंतरिक सचिव मोहम्मद खुर्रम आगा तालिबान प्रशासन के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का मैसेज लेकर काबुल गए थे।

राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की कि आगा ने अफगानिस्तान के अंतरिम उप गृह मंत्री मोहम्मद नबी ओमारी के साथ बैठक की। पाकिस्तान ने चीन के इंजीनियरों पर हमले के संदर्भ में सबूत साझा किए।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भी एक बयान जारी कर कहा कि अफगान पक्ष जांच के लिए सहमत हो गया है। उसने जांच को आगे बढ़ाने और इसके निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को कहा है।

बयान में कहा गया, "अफगान पक्ष ने पाकिस्तान समेत अन्य देशों के खिलाफ किसी भी आतंकवादी गतिविधि के लिए अपनी धरती के उपयोग को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।"